राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 356
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 18 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट
पेज 3 विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन
पेज 4 विधायक और जिलाधिकारी ने किया पूरनपुर चीनी मिल के पेराई
पेज 6 शुभमन को अस्पताल से छुट्टी मिली पर दूसरे टेस्ट में खेलने पर

## संक्षिप्त खबरें

### गुजरात में पत्नी और दो बच्चों की हत्या के आरोप में वन अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गुजरात में एक वन अधिकारी की पत्नी और दो बच्चों के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला एक सुनियोजित हत्या का निकला है। इसके बाद आरोपित वन अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने शवों को भावनगर में अपने आवास के पास एक गड्ढे में फेंक दिया था। पुलिस ने सोमवार को बताया कि सहायक वन संरक्षक (एसीएफ) 39 वर्षीय शैलेश खंभला और उनकी पत्नी के बीच वैवाहिक विवाद प्रथम दृष्टया अपराध का कारण प्रतीत होता है। आरोपित ने पत्नी और बच्चों की तकिये से गला दबाकर हत्या की थी।

### असम में वोटर लिस्ट के स्पेशल रिविजन का आदेश जारी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने सोमवार को असम में वोटर लिस्ट के स्पेशल रिविजन का आदेश जारी कर दिया। फाइनल वोटर लिस्ट 10 फरवरी, 2026 को प्रकाशित की जाएगी। असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जारी निर्देशों के अनुसार, राज्य में स्पेशल रिविजन के लिए क्वालिफाइंग डेट 1 जनवरी, 2026 होगी। यानी इस दिन तक वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जा सकेंगे। प्रोग्राम के अनुसार, घर-घर जाकर वोटर वेरिफिकेशन 22 नवंबर से 20 दिसंबर तक होगा। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का प्रकाशन 27 दिसंबर को होगा।

### प्रदर्शन



पटियाला में क्रांतिकारी किसान यूनियन के सदस्यों ने केंद्र सरकार के खिलाफ विभिन्न मांगों को लेकर डीसी कार्यालय के सामने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

## अमेरिका ने भारत के चाय-कॉफी-मसालों से 50 प्रतिशत टैरिफ हटाया

**यूएस में खाने-पीने की चीजें महंगी होने के कारण ट्रम्प बैकफुट पर आए**

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत के कॉफी, चाय, मसाले, ट्रॉपिकल फ्रूट्स और फ्रूट जूस जैसे प्रोडक्ट्स पर लगे 50 प्रतिशत रेसिप्रोकेल टैरिफ को वापस ले लिया है। इससे करीब 1 अरब डॉलर (लगभग 9,000 करोड़) के कृषि निर्यात को बड़ी राहत मिलेगी।


ये छूट 12 नवंबर को व्हाइट हाउस के एक्जीक्यूटिव ऑर्डर से जारी हुआ और 13 नवंबर से लागू हो गया है। अमेरिका ने रूसी तेल खरीदने के कारण भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। अमेरिका में खाने-पीने की चीजों के दाम लगातार बढ़ने के कारण ट्रम्प प्रशासन बैकफुट पर आ गया।

वित्त वर्ष 2025 में भारत का अमेरिका को एग्री एक्सपोर्ट 2.5 अरब डॉलर (22 हजार करोड़) का था, जिसमें से 9 हजार करोड़ रुपए का एक्सपोर्ट अब टैक्स-फ्री हो गया है।

इस बात की जानकारी कॉमर्स मिनिस्ट्री ने 17 नवंबर को दी है। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड ने कहा कि इससे इंडियन एक्सपोर्टर्स को लेवल प्लेइंग फील्ड मिलेगी।

### ट्रेड डील भी जल्द हो सकती है

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील अब लगभग अंतिम चरण में है। भारत के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि अमेरिका की भारतीय बाजार में पहुंच की मांग, 25 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ और कच्चे तेल पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत ड्यूटी जैसे मुद्दों पर सहमति लगभग बन चुकी है। उन्होंने कहा हम जल्द ही इसे फाइनल करेंगे। दोनों देशों के बीच ट्रेड डील पर इस साल फरवरी से बातचीत चल रही है। अमेरिका ने उन प्रोडक्ट्स पर टैरिफ हटाया है, जिनका प्रोडक्शन वहां कम है। कॉमर्स मिनिस्ट्री के मुताबिक, मसाले की एक्सपोर्ट वैल्यू 358.66 मिलियन डॉलर (करीब 3,200 करोड़) है, जो अब टैक्स-फ्री। इसी तरह, 50 प्रोसेस्ड फूड आइटम्स की 491.31 मिलियन डॉलर (करीब 4,345 करोड़) और चाय-कॉफी की 82.54 मिलियन डॉलर की एक्सपोर्ट को राहत मिली है। फ्रूट्स और नट्स के 48 प्रोडक्ट्स की 54.58 मिलियन डॉलर, कुछ एसेंशियल ऑयल्स, 26 वेजिटेबल्स और खाने वाले जड़, साथ ही कुछ बीफ और बोवाइन प्रोडक्ट्स पर भी टैक्स छूट मिली है। ये सभी प्रोडक्ट्स ट्रॉपिकल क्लाइमेट वाले देशों से ही अच्छे उपज देते हैं, इसलिए अमेरिका ने इन्हें एग्जेम्प्ट कर दिया।



## मक्का से मदीना जा रहे 45 भारतीयों की मौत

**18 एक ही परिवार से; उमरा के लिए जा रही बस डीजल टैंकर से टकराई**

**रियाद।** सऊदी अरब में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई। मक्का से मदीना जाते समय इनकी बस डीजल टैंकर से टकरा गई और उसमें आग लग गई। मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं।

हादसे में सिर्फ 1 शख्स जिंदा बचा है। उसकी पहचान मोहम्मद अब्दुल शोएब (24 साल) के रूप में हुई है। शोएब ड्राइवर के पास बैठा था। हादसे के बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक सरकारी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

मारे गए लोगों में से 18 एक ही परिवार के थे। इनमें 9 बच्चे और 9 बड़े शामिल थे। यह परिवार हैदराबाद का रहने वाला था और शनिवार को भारत लौटने वाला था। मृतकों में ज्यादातर हैदराबाद के बताए जा रहे हैं। हादसा मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समयानुसार रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला। हैदराबाद पुलिस के मुताबिक 9 नवंबर को 54 लोग हैदराबाद से सऊदी गए थे। वे 23 नवंबर को वापस आने वाले थे। इनमें से 4 लोग रविवार को कार से अलग से मदीना गए थे। वहीं 4 लोग मक्का में रुक गए थे। दुर्घटना वाली बस में 46 लोग सवार थे। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दिल्ली में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे दूतावास से नजदीकी तालमेल बनाकर पीड़ितों की पहचान और अन्य औपचारिकताओं में मदद करें।



### 12 मृतकों के नाम सामने आए

हादसे में मारे गए लोगों में से 12 भारतीय पीड़ितों की पहचान हो पाई है, उनमें अब्दुल मोहम्मद, मोहम्मद मौलाना, सोहेल मोहम्मद, मस्तान मोहम्मद, परवीन बेगम, जकिया बेगम, शौकत बेगम, फरहीन बेगम, जहीन बेगम, मोहम्मद मंजूर, मोहम्मद अली, गौसिया बेगम शामिल हैं।

### भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया

जेद्दा में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन जारी किया है। दूतावास ने कहा , सऊदी अरब के मदीना के निकट भारतीय उमरा तीर्थयात्रियों के साथ हुई दुखद बस दुर्घटना को देखते हुए जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में 24×7 कंट्रोल रूम बनाया, हेल्पलाइन का संपर्क विवरण 8002440003 है।

घटना के बाद तेलंगाना सरकार ने सचिवालय में कंट्रोल रूम बनाया है, ताकि परिजन अपने परिजनों के बारे में जानकारी ले सकें। परिवारजन इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं : 79979-59754 और 99129-19545।

## बेतिया में कार ने बारातियों को रौंदा, 3 की मौत

**बेतिया।** बेतिया में बेकाबू कार ने बारातियों को रौंद दिया, जिसमें 3 की मौत हो गई, जबकि 16 जख्मी हैं। हादसा बेतिया-बगहा नेशनल हाईवे पर बिशुनुरवा गांव के पास हुआ। मरने वालों में दूल्हे के फूफा और अगुआ भी हैं। जबकि घायलों में से 2 की हालत नाजुक है। एक्सीडेंट दुल्हन के घर के सामने हुआ। सभी बाराती खाना खाकर सड़क पार कर रहे थे, तभी बेकाबू कार ने कुचल दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को लौरिया CHC में भर्ती कराया।

## भोपाल में पारा 5.2, 84 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

**राजस्थान के 16 शहरों का तापमान 10 से नीचे; दिल्ली में 9 टेम्परेचर**

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** उत्तर और मध्य भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में रविवार रात पारा 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 9.2 डिग्री नीचे रहा। एक ही रात में 1.2 डिग्री की गिरावट हुई। इससे 84 साल पुराना रिकॉर्ड भी टूट गया है। भोपाल में नवंबर की सर्दी का ओवरऑल रिकॉर्ड 30 नवंबर 1941 में 6.1 डिग्री का था।

राजस्थान में रविवार को दिन और रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। रविवार को प्रदेश के 16 शहरों में पारा 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। ज्यादातर शहरों में रात का तापमान सामान्य से 6 डिग्री तक रहा। सीकर 4.3 डिग्री पारे के साथ सबसे ठंडा रहा। इधर, दिल्ली में रविवार को ठंड ने नवंबर में 3 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 4.5 डिग्री कम है।



## दिल्ली ब्लास्ट-आतंकी उमर का एक और साथी श्रीनगर से गिरफ्तार

**ड्रोन-रॉकेट बनाता था; दिल्ली से पकड़े गए आतंकी ने आईईडी बनाने में मदद की थी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट मामले में एनआईए ने जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से आतंकी उमर के एक और साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया। आरोप है कि जसीर आतंकी उमर को टेक्निकल सपोर्ट देता था। विस्फोट के लिए ड्रोन मॉडिफाई करता था और रॉकेट बनाने की भी कोशिश की थी।

एनआईए के मुताबिक जसीर आतंकी उमर का प्रमुख सहयोगी है। वह अनंतनाग के काजीकुंड का रहने वाला है। दिल्ली ब्लास्ट में इसकी सक्रिय भूमिका रही है। डॉ. उमर के साथ मिलकर ब्लास्ट की प्लानिंग में शामिल था।



वहीं दिल्ली से गिरफ्तार आमिर राशिद अली को लेकर खुलासा हुआ है कि ब्लास्ट से पहले उसने उमर को सेफ हाउस (सुरक्षित ठिकाने) उपलब्ध कराए, ड्ब्श्ष्ठ बनाने में भी मदद की थी। ये दलील सोमवार को एनआईए ने स्पेशल एनआईए कोर्ट में आमिर की कस्टडी पाने के लिए दीं।

रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार आमिर को आज कोर्ट में पेश किया गया था। पूरी सुनवाई बंद कमरे में हुई। यहां केवल मामले से जुड़े अधिकारी और वकील मौजूद रहे। एनआईए ने लंबी हिरासत की डिमांड की थी। दिल्ली ब्लास्ट में इस्तेमाल कार आमिर के ही नाम है।

### ब्लास्ट में शू बॉम्ब के इस्तेमाल का शक

इस ब्लास्ट में सुरक्षा एजेंसियों को शू बम के इस्तेमाल का शक है। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसियों को विस्फोट वाली कार से एक जूता मिला है। इसकी जांच में अमोनियम नाइट्रेट और TATP के ट्रेस मिले, जिन्हें शुरुआती सुराग माना जा रहा है।

TATP एक बेहद खतरनाक और सेंसिटिव विस्फोटक माना जाता है, जिसे आतंकी अक्सर इस्तेमाल करते हैं। यह मामूली झटके, रगड़ या थोड़ी सी गर्मी से भी फट सकता है। इसी वजह से इसे आतंकी दुनिया में 'Mother of Satan' यानी शैतान की मां कहा जाता है।

एनआईए ने रविवार को बताया कि कार चला रहा डॉ. उमर नबी एक आत्मघाती हमलावर (सुसाइड बॉम्बर) था। यह पहली बार है, जब किसी सुरक्षा एजेंसी ने ऑफिशियल तौर पर इसकी पुष्टि की है। इससे यह तय हो गया है कि ब्लास्ट सुसाइड अटैक ही था। 10 नवंबर को दिल्ली धमाके में 15 लोगों की मौत हुई है, 20 से ज्यादा लोग जख्मी हैं।



### हैप्पी मॉर्निंग

ससुर (दामाद से)- जिम जाया करो, खा-खाकर पेट निकल आया है पति- पेट तो आपकी बेटी का भी निकल आया है
ससुर- वो तो मां बनने वाली है
दामाद- तो मैं भी तो बाप बनने वाला हूं
ससुर बेहोश.....



### शायरी

ना मज़हब है, ना खुदा उसमें,
जो बंदूक लिए फिरता है हर दम,
सच्चा धर्म नहीं सिखाता,
की किसी मासूम का लेना है दम

### अर्थसार



सेंसेक्स:
84,950.95
+388.17 (0.46%)
निफ्टी:
26,013.45
+103.40

### मौसम



अधिकतम : 25 डिग्री से0
न्यूनतम : 10 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 6 : 48
सूर्यास्त मंगलवार : 5 : 28

## एक महीने में मनरेगा 27 लाख श्रमिकों के नाम हटाए गए

**नई दिल्ली।** देश में 10 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच मनरेगा से लगभग 27 लाख श्रमिकों को हटा दिया गया है। शिक्षाविदों और कार्यकर्ताओं के एक समूह 'लिब टेक इंडिया' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, इसी अवधि में इस प्रमुख ग्रामीण आजीविका योजना में लगभग 10.50 लाख श्रमिकों को जोड़ा भी गया। यह वृद्धि ऐसे समय हुई, जब एक नवंबर, 2025 से इस योजना के तहत ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया गया है। मनरेगा के क्रियान्वयन पर छमाही रिपोर्ट में कहा गया है कि एक महीने में इतनी बड़ी संख्या में नाम हटाना बेहद असामान्य है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को नरेगा के नाम से भी जाना जाता है। यह एक ऐसी प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य देश के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना है। इसके तहत, प्रत्येक वित्त वर्ष में हर उस परिवार को कम से कम 100 दिनों का रोजगार प्रदान किया जाता है, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल श्रमिक कार्य करने के लिए इच्छुक होते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से सितंबर के बीच मनरेगा से 15.2 लाख श्रमिकों को हटाया गया और 98.8 लाख श्रमिकों को जोड़ा गया, जिससे कुल वृद्धि 83.6 लाख हुई।



## केरल में साथी की आत्महत्या पर बीएलओ ने एसआईआर काम का किया बहिष्कार, काम प्रभावित

**नई दिल्ली।** केरल में एक बूथ लेबल अधिकारी (बीएलओ) ने कथित तौर पर काम के तनाव के कारण आत्महत्या कर ली।

इस घटना के कारण बीएलओ ने मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का बहिष्कार कर दिया। नतीजन सोमवार को राज्य में एसआईआर काम प्रभावित रहा। इस बीच, विपक्ष ने आत्महत्या मामले में माकपा कार्यकर्ताओं की भूमिका की जांच कराने की मांग की। बीएलओ के रूप में कार्यरत 44 वर्षीय अनीश जॉर्ज का शव रविवार को कन्नूर जिले में उनके घर में फंदे से लटका मिला था।

परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि उन्होंने एसआईआर से जुड़े काम के दबाव में यह घातक कदम उठाया। जॉर्ज के शव को पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को उनके परिवार को सौंप दिया गया।

जॉर्ज के रिश्तेदार सैजू ने बताया, उन्हें ठीक से खाने और सोने का भी समय नहीं मिलता था। जबकि राज्य में विपक्षी दल कांग्रेस के नेता वीडी सतीशन ने कहा कि प्रारंभिक जांच से मिले संकतों के बाद जार्ज की आत्महत्या में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) कार्यकर्ताओं की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

## दिल्ली ब्लास्ट का हमास कनेक्शन, रॉकेट से हमले की योजना; ड्रोन से निगरानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए कार ब्लास्ट की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी को पता चला है कि इस व्हाइट-कॉलर टेरर मॉड्यूल ने धमाके से पहले ड्रोन को हथियार बनाने और रॉकेट तैयार करने की कोशिश की थी। जांचकर्ताओं के मुताबिक, यह तरीका 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हुए हमास के हमले जैसा था, जहां बड़े पैमाने पर ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। एनआईए ने इस साजिश में शामिल दूसरे संदिग्ध जासिर बिलाल वानी उर्फ दानिश को श्रीनगर से पकड़ा है।

### क्या था प्लान?

इससे पहले पहला आरोपी आमिर राशिद अली को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। दानिश जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के रहने वाला है और आत्मघाती हमलावर उमर उन नबी का करीबी सहयोगी बताया गया है। एनआईए ने कहा कि दानिश ने हमले की तकनीकी तैयारी में मदद की। वह ड्रोन में बदलाव कर उन्हें हथियार बनाने की कोशिश कर रहा था और रॉकेट बनाने का प्रयास भी किया था।

सूत्रों के मुताबिक, दानिश ऐसे ड्रोन बना रहा था जिनमें बड़ी बैटरियां लगाई जा सकें, ताकि वे भारी बम लेकर उड़ सकें। उसमें कैमरे भी लगाए जाने थे ताकि भीड़भाड़ वाले इलाके परहमला किया जा सके। अधिकारियों का कहना है कि यह मॉड्यूल एक हथियारबंद ड्रोन को भी भीड़ पर गिराकर अधिकतम नुकसान पहुंचाना चाहता था।

**सोनभद्र खदान हादसा**

**डीएम बोले- 75 टन वजनी चट्टान हटाना मुश्किल**

## सोनभद्र खदान हादसा : रेस्क्यू जारी, 5 शव मिले, 9 अभी भी दबे

**सोनभद्र।** यूपी के सोनभद्र में खदान हादसे में दबे मजदूरों को निकालने के लिए 54 घंटे से अधिक समय से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा। एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की टीमें पत्थरों को हटाने में जुटी हैं, लेकिन अभी तक स्पॉट तक वे नहीं पहुंच सकी हैं।

पानी से भरी खदान का हर इंच रेस्क्यू को और मुश्किल बना रहा है। हर गिरते बोल्डर के साथ नई चुनौती सामने आ रही है। डीएम बीएन सिंह ने बताया कि 70 से 75 टन वजनी चट्टानों को हटाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

डॉग स्क्वायड गहराई में छिपे जीवन के किसी संकेत की तलाश में जुटा है। खदान से कुछ दूरी पर परिजन और गांववाले डेरा डाले हुए हैं। परिजन खदान के बाहर हर आवाज पर चौक जा रहे कि शायद कोई बचा हो, शायद कोई पुकार सुनाई दे जाए।



हादसा 15 नवंबर (शनिवार) को दोपहर करीब 3 बजे ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्ली स्थित कृष्णा माइनिंग स्टोन की खदान में हुआ था। ड्रिलिंग के दौरान पहाड़ का 100 फीट हिस्सा टूटकर गिर गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, 14 मजदूर मलबे में दब गए थे। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया था कि खदान में नौ कंप्रेशर पर कई मजदूर काम कर रहे थे। इसी बीच पहाड़ टूट गया। कुछ मजदूरों ने भागकर जान बचाई तो कुछ मलबे में दब गए। उधर, मलबे से अब तक 5 शव मिल चुके हैं। रविवार देर रात रेस्क्यू टीम ने 2 शव बरामद किए। अभी भी 9 मजदूरों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

हालांकि, डीएम ने बताया कि मलबा हटाए जाने के बाद ही स्थितियां साफ हो सकेंगी। खदान मेसर्स कृष्णा माइनिंग कंपनी को आवंटित थी। हादसे के बाद खदान मालिक समेत 3 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। खदान मालिक फरार है। डीएम ने हादसे की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं।

खदान रेस्क्यू ऑपरेशन का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री राजभर ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ हादसे पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मृतक व घायल व्यक्तियों के परिजनों को तत्काल और पूरी सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही किसी भी पीड़ित परिवार को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। जो भी सुविधा या मुआवजा अनुमन्य है, वह बिना देरी उपलब्ध कराया जाएगा। किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## संपादकीय

# महाशक्ति का मिथक बनाम भूखे भारत की वास्तविकता

सत्ता विदेश घूमती है, लेकिन भूख भारत मे पलती है।

### सच बोला किसी कवि ने



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

कोई रूप नहीं बदलेगा सत्ता के सिंहासन का।
कोई अर्थ नहीं निकलेगा बार-बार निर्वाचन का।
एक बड़ा खूनी परिवर्तन होना बहुत जरूरी है।
अब तो भूखे पेटों का बाग़ी होना मजबूरी है।
देश चुनावों में व्यस्त रहता है
दल बदलते हैं, नारों के रंग बदलते हैं, लेकिन जनता के जीवन में वही भूख, वही बेरोज़गारी, वही ठहराव।
भारत 'महाशक्ति' बनने का दावा जरूर करता है,
पर हक़ीक़त इससे उलट है—
महाशक्ति का सपना और भूखे भारत की सच्चाई, दोनों बिल्कुल अलग-अलग दिशाओं में खड़े हैं।

### भूख – जिसे विकास की दहाड़ भी नहीं दबा पाई

भारत दुनिया की सबसे तेज़ अर्थव्यवस्था कहलाता है,
लेकिन यही भारत दुनिया की सबसे बड़ी भूखी आबादी भी पालता है।
* **90 करोड़ लोग सरकारी राशन पर निर्भर**
* **कुपोषण में भारत दुनिया के सबसे खराब देशों में**
* **किसान आज भी आत्महत्या के पन्नों में दर्ज**

जब देश में भूख का ग्राफ़ जीडीपी से बड़ा हो, तो 'महाशक्ति' एक जुमला बन जाता है।

### बेरोज़गार युवा – भविष्य अंधेरे में और नेता कैमरे में

दुनिया का सबसे युवा देश, पर रोजगार के मामले में सबसे असुरक्षित।
* युवा बेरोज़गारी 17-18 प्रतिशत
* इंजीनियर, एमबीए, पोस्टग्रेजुएट—सभी नौकरी की कतार में
* कॉन्ट्रैक्ट-आउटसोर्स की गुलामी नई अर्थव्यवस्था की पहचान

जब देश की सबसे बड़ी ताकत बेरोज़गार हो, तो महाशक्ति का दावा सिर्फ़ चुनावी भाषण लगता है।

### नशा, अपराध, अवसाद – एक पूरी पीढ़ी की चुप्पी

युवा भारत नशे का सबसे बड़ा लक्ष्य बन चुका है।
* दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा ड्रग नेटवर्क भारत में
* मानसिक तनाव, अवसाद और आत्महत्या के मामलों में भारी वृद्धि
* सोशल मीडिया की दिखावटी दुनिया और वास्तविक जीवन का गहरा अंधेरा

एक महाशक्ति अपने युवाओं को नशे और तनाव में नहीं खोती—
यह सिर्फ़ एक थका हुआ राष्ट्र करता है।

### शिक्षा – स्कूल नए, सीखने की क्षमता पुरानी

अगर दुनिया में कोई देश सिर्फ़ स्कूलों की इमारतों से विकसित हो सकता, तो भारत आज सबसे आगे होता।

### लेकिन सच्चाई यह है–

* कक्षा 5 में 50 प्रतिशत बच्चे कक्षा 2 का स्तर नहीं पढ़ पाते
* सरकारी स्कूलों में शिक्षक कम, संसाधन कम
* निजी स्कूल फीस के नाम पर आधुनिक डकैती

शिक्षा ही राष्ट्र बनाती है—
और भारत की शिक्षा व्यवस्था आज भी रेंग रही है।

### स्वास्थ्य – भारत बड़ा हुआ, अस्पताल छोटे रह गए

हमारा स्वास्थ्य ढाँचा आज भी 1980 वाली मानसिकता में अटका है।
* 1 डॉक्टर पर 200 से ज़्यादा मरीज़
* सरकारी अस्पताल में इलाज किस्मत, निजी में इलाज गुलामी जब तक देश की चिकित्सा व्यवस्था मजबूत नहीं होगी, भारत सिर्फ़ नारे गढ़ेगा—विकसित नहीं होगा।

### साइबर क्राइम, नकली नोट, ठगी – डिजिटल इंडिया के पीछे का अंधेरा

भारत कैशलेस तो हुआ, लेकिन सुरक्षित नहीं।
* साइबर ठगी 400 प्रतिशत बढ़ी
* फर्जी ऐप से करोड़ों की लूट
* नकली नोट का कारोबार फिर सक्रिय

डिजिटल क्रांति के साथ डिजिटल अपराध भी महाशक्ति बन चुका है।
महाशक्ति' बनने का सपना सिर्फ़ भाषणों में अच्छा लगता है
हम अंतरिक्ष में जा रहे हैं, पर धरती पर भूखे लोग बढ़ रहे हैं।
हम हाईवे बना रहे हैं, पर सड़क हादसों में रोज़ लोग मर रहे हैं।
हम डिजिटल हो रहे हैं, पर साइबर ठगी से जनता लुट रही है।
हम अर्थव्यवस्था बढ़ा रहे हैं, पर बेरोज़गारी और भूख उससे तेज़ी से बढ़ रही है।

### भारत तब महाशक्ति बनेगा जब–

* हर पेट भरा हो,
* हर युवा को काम मिले,
* हर स्कूल में सीख मिले,
* हर अस्पताल में इलाज मिले,
* और हर नागरिक को सुरक्षा मिले।

महाशक्ति का मिथक टूट रहा है
और भूखे भारत की सच्चाई चीख रही है।




# सबसे 'तेज़' बनने के चक्कर में 'श्रद्धांजलि' का पात्र बना 'गोदी मीडिया'

तनवीर जाफ़री




अन्य करोड़ों लोगों की तरह मैं भी फ़िल्म जगत में 'ही मैन' के नाम से प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता धर्मेंद्र का बचपन से ही प्रशंसक हूँ।

1985-87 के मध्य इलाहाबाद में अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का अवसर मिला। उसी दौर में मुंबई आना जाना रहा। उन दिनों मुझे संजय ख़ान, दारा सिंह, रणजीत, देव कुमार उनकी सुपुत्री मिस इंडिया मनीषा कोहली सहित अन्य कई कलाकारों से व्यक्तिगत रूप से मिलने का अवसर मिला। परन्तु इत्तेफ़ाक़ से दो बार कोशिशों के बावजूद धर्मेंद्र से इसलिये न मिल सका क्योंकि मेरे मुंबई के प्रवास के दौरान वे शूटिंग पर कहीं बाहर होते।

बहरहाल उनसे मिलने व उनके साथ बैठने की हसरत दिल में ही रही। इत्तेफ़ाक़ से 2005 में जब मैं लोकसभा की कार्रवाई देखने के लिये दिल्ली गया था उसी दौरान संसद के मुख्य द्वार पर मेरी नज़र इस महान अभिनेता पर पड़ी। उस समय वे 2004 से 2009 के मध्य बनी 14वीं लोकसभा में राजस्थान के बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की ओर से निर्वाचित हुये सांसद थे।

मैं उन्हें देखकर ज़ोर से बोल पड़ा -- अरे ...बीरु .. और धर्मेंद्र ने मेरी तरफ़ दोनों हाथ बढ़ाते हुये ज़ोर से कहा --आ जा मेरी जान। मैं उनकी तरफ़ तेज़ी से बढ़ा, उन्होंने बी आगे बढ़कर पूरी गर्मजोशी से मुझे दोनों हाथों से झप्पी डालते हुये इतनी ज़ोर से उठाया की मेरे दोनों पैर ज़मीन से ऊपर उठ गये। उस अविस्मरणीय क्षण को मैं आज भी भी याद करता हूँ।

बहरहाल पिछले दिनों भारत के बदनाम ज़माना 'गोदी मीडिया' ने देश के उस हरदिलअज़ीज़ अभिनेता को उनके जीवनकाल में ही अपनी 'ख़बरों' में श्रद्धांजलि दे डाली। ग़ौर तलब है कि सांस लेने में दिक़्क़त होने के कारण उन्हें पिछले दिनों मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में उन्हें भर्ती कराया गया था। उनके अस्पताल में भर्ती होते ही टी आर पी के भूखे गोदी मीडिया ने अपने मुख्य वाक्य सबसे तेज़ को साकार करने के मक़सद से मोर्चा संभाल लिया।

और 10-11 नवंबर के बीच अच्छे ख़ासे बोलते बात चीत करते इस लोकप्रिय अभिनेता की मौत की झूठी अफ़वाहें तेज़ी से फैला दीं।

ऐसी अफ़वाहबाज़ी कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंहवी, तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी, अभिनेत्री भाग्यश्री, गीतकार व पटकथा लेखक जावेद अख़्तर यहाँ कि ख़ुद गोदी मीडिया की ही एक चर्चित पत्रकार चित्रा त्रिपाठी तक ने इसी झूठी ख़बर पर विश्वास करते हुये धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि व श्रद्धासुमन अर्पित कर डाले।

बाद में इनमें से कई हस्तियों ने अपने ऐसे ट्वीट डिलीट भी किये ? यहाँ तक कि कई बड़े अख़बारों ने भी इसी गोदी मीडिया की इस झूठी ख़बर पर विश्वास हुये मुख्य पृष्ठ पर ख़बरें प्रकाशित कर डालीं। उधर वही धर्मेंद्र अपनी मौत की झूठी ख़बर फैलने के अगले ही दिन यानी 12 नवंबर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिए गए। अस्पताल से छुट्टी के बाद वे सजे संवरे सर पर हैट धारण किये अपने अभिनेता पुत्रों के साथ हँसते मुस्कुराते और उसी मीडिया का अभिवादन करते हुये अपने घर जाते नज़र आये।

परन्तु पहले भी इस तरह की अफ़वाह फैलाते रहने वाले गोदी मीडिया को इस बार कुछ ज़्यादा ही मुँह की खानी पड़ी। न केवल धर्मेंद्र के परिवार के सदस्यों ने बल्कि धर्मेंद्र के प्रशंसकों ने भी सोशल साइट्स पर गोदी मीडिया की धज्जियाँ उड़ाकर रख दीं।

धर्मेंद्र की बेटी अभिनेत्री ईशा देओल ने सबसे पहले अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि मीडिया हद से ज़्यादा सक्रिय है और झूठी ख़बरें फैला रहा है। मेरे पापा स्थिर हैं और रिकवर कर रहे हैं। परिवार को प्राइवेसी दें। पापा के जल्द ठीक होने की दुआओं के लिए शुक्रिया। उसके फ़ौरन बाद अभिनेत्री पत्नी व सांसद हेमा मालिनी ने ड्ड (ट्विटर) पर ग़ुस्से में लिखा कि जो हो रहा है वो अक्षम्य है! ज़िम्मेदार चैनल ऐसे व्यक्ति के बारे में झूठी ख़बरें कैसे फैला सकते हैं जो इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दे रहा है और रिकवर कर रहा है? ये बेहद असम्मानजनक और ग़ैर - ज़िम्मेदाराना है। परिवार की प्राइवेसी का सम्मान करें।

बाद में अभिनेता पुत्र सनी देओल की टीम की ओर से आधिकारिक बयान जारी कर कहा गया कि मिस्टर धर्मेंद्र स्थिर हैं और ऑब्ज़र्वेशन में हैं। वे अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। झूठी अफ़वाहें न फैलाएं, प्राइवेसी का सम्मान करें और जल्द स्वस्थ होने की दुआ करें।

इस अफ़वाहबाज़ गोदी मीडिया को सबसे अधिक ज़लालत व अपमान का सामना सोशल मीडिया में करना पड़ा। इतना आक्रोश तो उस समय भी देखना नहीं पड़ा था जब पहले भी कई बार यही ग़ैर ज़िम्मेदार और झूठ परोसने वाला मीडिया कभी अमिताभ बच्चन तो कभी राजिनीकांत कभी शाहरुख ख़ान तो कभी फ़रीदा जलाल कभी लता मंगेशकर, राजेश खन्ना, कॅटरीना कैफ़ व आयुष्मान खुराना जैसे कई कलाकारों को उनके जीवित रहते हुये भी मारने की ख़बरें चलाता रहा है। इस बार तो धर्मेंद्र के प्रशंसकों ने व गोदी मीडिया को देश की पत्रकारिता पर कलंक समझने वाले देश के एक प्रबुद्ध वर्ग ने ऐसी पत्रकारिता ऐसे ऐंकरों व ऐंकराओं की तो धज्जियाँ उड़ाकर रख दीं।

सीधे तौर पर धर्मेंद्र की मौत की झूठी ख़बर शोकपूर्ण भाव भंगिमा से पेश करने वाली गोदी मीडिया की उस बदनाम ऐंकरा के चित्र पर ही माला डालकर उसी को श्रद्धांजलि अर्पित कर डाली। लाखों लोगों द्वारा ऐसी ग़ैर ज़िम्मेदाराना पत्रकारिता की घोर भर्तस्ना की गयी।


कई मशहूर यू ट्यूबर पत्रकारों ने धर्मेंद्र की बीमारी के संबंध में तो नहीं परन्तु अफ़वाहबाज़ मीडिया द्वारा फैलाई गयी धर्मेंद्र संबंधी अफ़वाह को लेकर विशेष कार्यक्रम ज़रूर बनाये और ग़ैर ज़िम्मेदार गोदी मीडिया की जम कर धुलाई की।

आश्चर्य है कि पिछले दस वर्षों से घोर अपमान झेल रहा यह पक्षपाती, समाज में दुर्भावना फैलाने वाला, लोगों को झूठी ख़बरों से गुमराह करने वाला, सरकारी विज्ञापनों व पैसों की लालच में अपना ज़मीर बेचने वाला तथा अपनी इन्हीं ग़ैर ज़िम्मेदाराना हरकतों से देश व पत्रकारिता को कलंकित करने वाला अनियंत्रित गोदी मीडिया अभी भी झूठी, बेबुनियाद, उकसाऊ व अफ़वाहपूर्ण ख़बरों को प्रसारित करने से बाज़ नहीं आ रहा।

यही वजह है कि धर्मेंद्र के सम्बन्ध में विश्वसनीय नहीं बल्कि सबसे तेज़ चैनल बनने के चक्कर में मीडिया स्वयं श्रद्धांजलि का पात्र बन बैठा।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3711




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3710 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक घर से पति-पत्नी के हँसने की कुछ ज्यादा ही आवाजें आती रहती थीं। मोहल्ले के कई लोग एकत्र होकर उनके यहाँ खुशहाली का राज जानने को पहुँचे।

मोहल्ले वालों की जिज्ञासा को शांत करते हुए पति बोला- बहुत सरल है, हमारे यहाँ मेरी बीबी बेलन, चिमटा आदि फेंककर मारती है। हम लट्ठमार होली खेलते हैं...! अगर मुझे लग जाता है तो वो हँसती और नहीं लगता है तो मैं हँसता हूँ।

□ □ □

एक बार रीमा बन-ठनकर पिक्चर देखने जा रही थी। तभी एक सहेली मिल गई। रीमा का ठाठ-बाट देखकर बोली- 'अ...हा...आ हाथों में हीरों की चूड़ियाँ, कानों में हीरे के टॉप्स, गले में हीरों का हार, यह बनारसी साड़ी क्यों, क्या तुम्हारे पति ने नौकरी कर ली है?'

रीमा बोली- 'नहीं गीता, मैंने पति बदल लिया है।'

□ □ □

चमन (नरेश से)- सुना है तुमने एक उपन्यास लिखा है?


नरेश- हाँ! एक बहुत अच्छा उपन्यास लिखा तो है।

चमन- कुछ बिके भी है?

नरेश- हाँ, बिके है न..। इस उपन्यास को प्रकाशित करने में मेरी अँगूठी, स्कूटर, बीवी की चूड़ियाँ और मंगलसूत्र जैसी कई चीजें बिक गई है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3711



**बायें से दायें:-**

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, शरद, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि कपूर, जेबा, अश्विनी भावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. 'जादू है नशा है' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में रणधीरकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है?-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. 'संदेसे आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. अजय देवगन, तब्बू की 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'खुशी' में फरदीन की नायिका?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो' गीत वाली राजकुमार, राजेशखन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनील दत्त, नूतन की फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म?-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, नालासिन्हा की 'आज गालो मुस्करा लो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की एक फिल्म-२
३०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3710



## सूडोकु -3711


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3710 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## शब्द पहेली - 3711




**बाएँ से दाएँ**

1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली -3710 का हल



# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गंभीर

## कार्यक्रम को सुगमता से संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी ने आरडब्लूए, क्रेडाइ, बिल्डर्स व संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक



गौतम बुद्ध नगर। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को आयोग की मंशा के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित करने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में आरडब्लूए, क्रेडाइ, बिल्डर्स, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को गणना प्रपत्रों के वितरण एवं प्राप्ति की प्रक्रिया से अवगत कराया गया और कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में डोर-टू-डोर सर्वे और मतदाता मैपिंग की प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आरडब्लूए, एओए, टावर इंचार्ज, बीएलओ और बीएलए से समन्वित रूप से कार्य करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिन आरडब्लूए और एओए ने इस कार्य में उत्कृष्ट सहयोग प्रदान किया है, उन्हें जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि फार्म 6 और फार्म 8 पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और उनका उपयोग माइग्रेशन, मृत मतदाताओं को हटाने, शिफ्टेड मतदाताओं को अद्यतन करने तथा एक ही परिवार के बिखरे मतदाताओं को एक बूथ पर समायोजित करने के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटे नहीं और सभी नए मतदाताओं का नाम शामिल किया जा सके।

जिलाधिकारी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची से संबंधित किसी भी सुझाव या समस्या को विभाग की आधिकारिक मेल आईडी adeo-gbn@nic.in पर भेजा जा सकता है, ताकि मतदान के समय किसी भी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। उन्होंने पुनरीक्षण कार्यक्रम में अब तक किए गए आरडब्लूए और एओए के सहयोग की सराहना की और कहा कि यदि SIR कार्यों से संबंधित कोई सुझाव हों तो वे भी साझा किए जाएं। जिला प्रशासन कार्यक्रम के दौरान सभी आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएगा।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की जानकारी भी पदाधिकारियों को दी और कहा कि उनके सहयोग से ही आयोग की मंशा के अनुरूप अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा सकेगी।

इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से स्नेहलता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्रेटर नोएडा में नकली पनीर पर छापा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र स्थित सलारपुर गांव में खाद्य विभाग ने सोमवार को एक दुकान पर छापा मारा। यहां नकली पनीर बनाने और बेचने की शिकायत मिली थी। छापेमारी के दौरान जांच में पनीर मिलावटी पाया गया। इसके साथ ही, दुकान पर मानक के अनुसार सरसों का तेल भी नहीं बेचा जा रहा था। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादिल्लाह ने बताया कि सलारपुर गांव में पनीर बनाकर बेचने वाले एक दुकानदार के खिलाफ कुछ दिनों से शिकायतें मिल रही थीं। टीम सोमवार को गांव पहुंची और किराना स्टोर में रखे पनीर की जांच की। प्राथमिक जांच में पनीर मिलावटी पाया गया, जिसके नमूने प्रयोगशाला परीक्षण के लिए लिए गए हैं। अधिकारी ने यह भी बताया कि मसाले और सरसों का तेल केवल बंद पैकेट में ही बेचा जा सकता है। पैकेट खोलकर मसाले और फुटकर में सरसों का तेल बेचना प्रतिबंधित है, जिसका उल्लंघन आरोपी दुकानदार द्वारा किया जा रहा था। अधिकारियों का कहना है कि पनीर की गहन जांच के बाद आरोपी दुकानदार के खिलाफ जुर्माने सहित उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने किया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, 11 चोरी के वाहन बरामद





**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** थाना बिसरख पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बड़े दोपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनकी निशानदेही पर चोरी के कुल 11 वाहन बरामद किए हैं। बरामद सभी वाहन नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली के अलग-अलग स्थानों से चोरी किए गए थे। इन चोरी के संबंध में संबंधित थानों में पहले से ही मुकदमा दर्ज है।

बता दे कि विनय उर्फ छोटा राजा, विपिन उर्फ कलुआ, सुमित उर्फ नेपाली को थाना बिसरख पुलिस ने चेकिंग के दौरान सुपरकास्ट के पास कच्ची सड़क के पास से गिरफ्तार किया है। एडीसीपी सेन्ट्रल नोएडा संतोष कुमार ने बताया कि बिसरख पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान, तीनो संदिग्धो की जांच की गई तो उनके पास जो वाहन मिले, वे चोरी के मिले। आरोपी से पूछताछ के दौरान, इन तीनों आरोपियों ने और भी दोपहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने कुल 11 वाहन बरामद किये जिसमें 9 मोटरसाइकिलें 2 स्कूटी है।

एडीसीपी सेन्ट्रल ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे मुख्य रूप से भीड़भाड़ वाली जगहों को निशाना बनाते थे। वे ऐसी बाइकों को देखते थे जो नो पार्किंग में खड़ी होती थीं। चोरी करने के लिए वे मास्टर की का इस्तेमाल करते थे। दो पहिया वाहनो को चोरी करने के बाद, आस-पास के देहात क्षेत्रों में आने-पौने दामों में बेच दिया करते थे। गिरफ्तार किए गए तीनों मुलजिमों का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। उन पर चोरी के कई मामले दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा के विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

# नोएडा में युवक ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

**नोएडा।** सेक्टर-42 के जंगल में एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा।

मृतक की पहचान हरीश (25) साल हुई है। वो सदरपुर के गली नंबर-3 में किराए के कमरे पर रहता था। बताया गया कि पारिवारिक विवाद के चलते वो मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। जिसके चलते उसने फांसी लगाई। हालांकि मृतक के पास से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में गले में रस्सी के निशान और दम घुटने से मौत की वजह सामने आ रही है। फांसी लगाने में ऐसे ही मौत होती है। हरीश छोले भटूरे का ठेला लगाता है। उसकी शादी हो चुकी है। बीते कई दिनों से पारिवारिक विवाद चल रहा था। जिसके चलते परेशान चल रहा था। बताया गया कि कई दिनों से उसने ठेला भी नहीं लगाया था। 16 नवंबर की रात उसका घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। जिसके बाद वो वहां से चला गया। सुबह उसका शव सेक्टर-42 के जंगल में पेड़ से लटका मिला।

### नशे की तस्करी में छह महीने की सजा

**ग्रेटर नोएडा।** जिला अदालत ने नशे की तस्करी के मामले में पश्चिम बंगाल के रहने वाले रूप कुमार हलदर को दोषी मानते हुए छह माह 17 दिन के कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ करीब छह माह पूर्व सेक्टर-63 थाना पुलिस ने एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी रूप कुमार हलदर मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। न्यायालय में केस की सुनवाई के दौरान आरोपी को एनडीपीएस ऐक्ट में दोषी पाया है।

# नोएडा के कृष्णा प्लाजा में लगी आग

## रेस्टोरेंट से 5वें फ्लोर तक पहुंची, फायर बिग्रेड ने 30 मिनट में पाया काबू

**नोएडा।** नोएडा में कृष्णा प्लाजा के 5वें फ्लोर पर आग लग गई। आग की शुरुआत प्लाजा के बाहर एक रेस्टोरेंट से हुई। यहां शॉट सर्किट की वजह से आग लगी। आग इलेक्ट्रिक वायरिंग के जरिए शाफ्ट से होते हुए 5वें तल तक पहुंच गई।

हालांकि, गनीमत रही कि सिर्फ 5वें तल पर ही आग लगी। इससे काफी धुआं हो गया था। बाद में धुआं को वेंटिलेशन के जरिए निकाला गया। यह सेक्टर-18 थाना क्षेत्र में हुई।

चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप चौबे ने बताया-सुबह करीब साढ़े तीन बजे आग लगने की सूचना मिली। लगातार तीन कॉल आने पर लगा कि आग काफी बड़ी है, इसलिए मौके पर 15 गाड़ियों को भेजा गया। यहां पहुंचने पर पता चला कि आग बाहर के रेस्टोरेंट से होते हुए बिल्डिंग के अंदर तक पहुंच चुकी है।



### शटर काटकर अंदर घुसी फायर बिग्रेड की टीम

ऐसे में प्लाजा के शटर को काटा गया, जिसके बाद टीम अंदर दाख़िल हुई और आग पर काबू पाया। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि आग कहीं और न फैले। आग बुझाने में करीब 1 घंटे का समय लगा। हालांकि, आम तौर पर यहां काफी भीड़ होती है। लेकिन रात में आग लगी। ऐसे में यहां कोई नहीं था। आग लगने की जानकारी बाहर के लोगों ने दी। आग को बुझा दिया गया है। किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

# नोएडा ई बस के लिए 'एसपीवी' का नहीं हुआ गठन

## ग्रेनो प्राधिकरण से नहीं आया जवाब, शासन स्तर पर होगी बात, 500 बसें चलनी हैं

**नोएडा।** नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना क्षेत्र में चलने वाली 500 ई बसों के संचालन में अभी समय लगेगा। एसपीवी के लिए नोएडा प्राधिकरण व यमुना प्राधिकरण अप्रूवल दे चुके है। अब तक ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण की ओर से जवाब नहीं दिया गया ।

ऐसे में नोडल होते हुए नोएडा प्राधिकरण शासन स्तर पर वार्ता करेगी। ताकि जल्द सेवा को बहाल किया जा सके। ये बस नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भी कनेक्ट करेंगी। बसों के संचालन के लिए नोएडा , ग्रेटर नोएडा और यीडा के बीच एसपीवी का गठन 48 प्रतिशत , 26 प्रतिशत और 26प्रतिशत के इक्विटी योगदान होगा।

इन बसों का संचालन जीबीन ग्रीन ट्रांसपोर्ट लिमिटेड कंपनी के नाम से होना है। कंपनी में चार डायरेक्टर और सात सब्सक्राइबर होंगे। ये डायरेक्टर तीनों प्राधिकरण के सीईओ और एनटीसी को शामिल किया गया है। सब्सक्राइबर तीनों प्राधिकरण के एसीईओ होंगे। दरअसल एसपीवी में एसीईओ को शामिल किया जाना है।

इसको लेकर ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण और यमुना विकास प्राधिकरण को लेटर जारी किया गया था। ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण ने अब तक इसका जवाब नहीं दिया। इसलिए प्रोजेक्ट रुका हुआ है।




### 300 बस नोएडा में चलेंगी

300 बस नोएडा , 100 बस ग्रेटर नोएडा और 100 बस यीडा में चलेंगी। बसों का संचालन जीसीसी मॉडल किया जाएगा। इसके लिए दो कंपनियों का चयन किया गया है। पहली ट्रैवल टाइम मोबिलिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ये 9 मीटर लंबी बस 54.90 रुपए प्रति किमी की दर से चलाएगी। दूसरी डेलबस मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड ये 12 मीटर लंबी बस 67.99 रुपए प्रति किमी की दर से बस चलाएगी।

### सालाना प्रति बस चलेगी 72 हजार किमी

ये प्रोजेक्ट 675 करोड़ का है। इसमें कंपनी को ई बस , फास्ट चार्जर (240 किलोवॉट), प्लांट , इक्यूपमेंट टूल्स और डिपो मेनटेनेंस के लिए है। कंपनी को 12 साल तक बसों का संचालन करना होगा। कंपनी को सालाना प्रति बस 72000 किमी की रनिंग करनी होगी। बताया गया कि इस टेंडर के जरिए ग्रॉस कास्ट कांट्रेक्ट मॉडल बस ऑपरेटर का सिलेक्शन किया गया है।

# नोएडा में 83 साल के बुजुर्ग से 50 लाख ठगे

## निवेश के नाम पर किया गया फॉड, 17 बार में रकम की ट्रांसफर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा सेक्टर 3 में रहने वाले 83 साल के बुजुर्ग ने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखकर बिटकॉइन फॉरेक्स ट्रेडिंग शुरू की और उनके साथ 50 लाख रुपए की चपत लग गई।

पीड़ित को वॉट्सऐप ग्रुप जोड़कर ठगों ने उनके बारे में जानकारी ली। उन्होंने अपने रुपए निवेश कर मुनाफे की रकम धार्मिक संगठन को डोनेट करने की इच्छा जताई। इसके बाद पीड़ित को ओएसएल प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन करा दिया गया। वो निवेश करने लगे और मुनाफा दिखने लगा। म्यूचुअल फंड पर 10 लाख रुपए का लोन लेकर ठगों को ट्रांसफर किए तो घर वालों की जानकारी हुई। इसके बाद उन्हें ठगी के बारे में बताया गया।

पीड़ित ने साइबर थाने में केस दर्ज करा दिया है। पुलिस मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस को ग्रेटर नोएडा सेक्टर 3 नॉलेज पार्क में रहने वाले शैलेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि उनकी उम्र 83 साल है। वह प्राइवेट कंपनी से नौकरी कर रिटायर्ड होने के बाद ग्रेटर नोएडा वाले घर पर अकेले रहते हैं। मूल निवासी गुड़गांव, जहां परिवार रहता हैं। पीड़ित के मोबाइल नंबर पर 1 अगस्त को एक अनजान नंबर से कॉल आई। पीड़ित से बातचीत करने के बाद ठग बुजुर्ग से बैंक खाते में रुपए और घूमने, फिरने के साथ अन्य रूचियों के बार में जानकारी ले ली।

# ग्रेटर नोएडा : भट्टा के किसानों ने सत्याग्रह का किया विरोध

## मनवीर तेवतिया के प्रस्तावित आंदोलन को ग्रामीणों ने नहीं दी अनुमति

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के भट्टा गांव में रविवार को भट्टा, पारसौल और मुतैना गांव के ग्रामीणों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में किसान नेता मनवीर तेवतिया द्वारा घोषित संभावित सत्याग्रह आंदोलन का सर्वसम्मति से विरोध किया गया। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वे गांव में किसी भी प्रकार का आंदोलन नहीं होने देंगे, क्योंकि इससे क्षेत्र का शांतिपूर्ण माहौल खराब होता है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 में भूमि अधिग्रहण के विरोध में भट्टा गांव में एक बड़ा आंदोलन हुआ था। किसान नेता मनवीर तेवतिया के नेतृत्व में चले इस धरने के दौरान 7 मई को पुलिस और किसानों के बीच हिंसक झड़प हुई थी।

इस घटना में दो किसानों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि सैकड़ों किसानों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए थे। घटना के बाद मनवीर तेवतिया फरार हो गए थे और उनकी तलाश में पुलिस की कई टीमें जुटी थीं।

लगभग 14 वर्ष बाद, मनवीर तेवतिया ने तीनों प्राधिकरणों के खिलाफ किसानों की समस्याओं को लेकर रविवार से भट्टा गांव में सत्याग्रह करने की घोषणा की थी।

हालांकि, सत्याग्रह शुरू होने से पहले ही शनिवार रात बुलंदशहर जिले की गुलावठी पुलिस ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। रविवार सुबह भट्टा गांव के निकट चेकपोस्ट पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

स्थिति को देखते हुए, भट्टा, पारसौल और मुतैना गांव के किसान चंद्रभान सिंह, बिट्टर सिंह, जवाहर सिंह, उम्मीद सिंह, भोपाल सिंह, संजू सिंह, राजेंद्र मलिक पारसौल, नवजीत सिंह, चमन सिंह और रेवती प्रसाद शर्मा ने बैठक कर यह निर्णय लिया कि गांव में किसी भी प्रकार के आंदोलन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

किसान चंद्रभान सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का शांतिपूर्ण माहौल बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

### पराग पाराशर जज बने : किसान एकता संघ ने किया सम्मानित

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर निवासी पराग पाराशर को न्यायिक सेवा में 20वीं रैंक हासिल कर जज बनने पर किसान एकता संघ संगठन ने सम्मानित किया। संगठन के पदाधिकारियों ने पराग का माला पहनाकर, पगड़ी बांधकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान ने इस अवसर पर कहा कि पराग पाराशर ने न केवल दनकौर, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि पराग की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं को उच्च लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। सम्मान समारोह में संगठन के कई पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें चौधरी सोरन प्रधान, श्रीकृष्ण बैंसला, संजय प्रधान, उम्मेद एडवोकेट, पप्पे नागर, जेपी नागर, दीपक कौशिक, फूल सिंह, हेमराज बीडीसी, जोरा भाटी, परवेज़ खान, चांद मोहम्मद, सुरेंद्र चपरगढ़, कृष्ण मास्टर, अनिल नागर, अजय ठाकुर, शब्बीर खान, अखिलेश प्रधान, हिमाचल कसाना, शाहरुख खान, कन्नू बंसल, कैलाश कसाना, दुर्गेश शर्मा और मनोज नागर शामिल थे।

# नोएडा में अभिनेता राजीव खंडेलवाल जेल कार्यक्रम में हुए शामिल

## बंदियों को अपराध से दूर रहने के दिए सुझाव, कैंसर से बचाव की दी जानकारी

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध नगर की जिला कारागार में सशक्त फाउंडेशन द्वारा बंदियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता राजीव खंडेलवाल, अभिनेत्री रितिका आनंद और मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर के चेयरमैन डॉ. हरित चतुर्वेदी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर के चेयरमैन डॉ. हरित चतुर्वेदी ने बंदियों को कैंसर, हृदय स्वास्थ्य और अन्य बीमारियों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बंदियों के उपचार में हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

अभिनेता राजीव खंडेलवाल ने कारागार की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए बंदियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने बंदियों को अपराध से दूर रहकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने और सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अभिनेत्री रितिका आनंद ने योग और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मानसिक शांति और तनाव मुक्ति के उपाय बताए। इस अवसर पर नेचर मोंक फाउंडेशन और एम्प इंडिया एंटरप्राइजेज के संयुक्त सहयोग से बंदियों को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु एक कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। राजीव खंडेलवाल ने मशरूम, स्ट्रॉबेरी और पपीता उत्पादन संबंधी इस कार्यशाला का फीता काटकर शुभारंभ किया। अनुराग जी और शालिनी ने मशरूम के रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और कैंसर उपचार में इसके लाभकारी गुणों की जानकारी दी। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक बृजेश कुमार और कारापाल संजय कुमार शाही भी उपस्थित रहे। जिला कारागार गौतमबुद्ध नगर के अधीक्षक बृजेश कुमार और कारापाल संजय कुमार शाही ने बताया कि वे बंदियों के सुधार एवं पुनर्वास के लिए ऐसे प्रेरणादायी और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित करते रहेंगे। उनका संकल्प है कि हर बंदी स्वस्थ जीवन और सकारात्मक सोच के साथ समाज में सम्मानपूर्वक लौट सके।



# शार्ट न्यूज

### जेवर में यमुना एक्सप्रेसवे पर कैंटर की टक्कर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार कैंटर ने आगे चल रहे अज्ञात वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में कैंटर में सवार एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। किसान दिल्ली से धान बेचकर जलेसर लौट रहा था। घायल किसान को पहले जेवर के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके बाद उसे आगरा के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पीड़ित किसान के भाई की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार देर शाम आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, जनपद एटा के गांव अन्निया निवासी गजेंद्र प्रताप ने शिकायत में बताया कि उनका भाई भूपेंद्र कैंटर में धान बेचकर दिल्ली से लौट रहा था। सोमवार शाम यमुना एक्सप्रेसवे पर शून्य पॉइंट से करीब 24 किलोमीटर आगे कैंटर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए अज्ञात वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में भूपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। यमुना एक्सप्रेसवे के कर्मचारियों ने उसे जेवर के अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां से परिजनों ने उसे आगरा के निजी अस्पताल में रेफर करवा लिया।

### बजरंग वाहिनी दल का कार्यक्रम आयोजन

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र स्थित नवादा गांव में सोमवार को बजरंग वाहिनी दल द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष गजराज सिंह के सम्मान में स्वागत समारोह और रागिनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार नागर ने की, जबकि संचालन नीरज सरपंच ने संभाला। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों और प्रांतों से सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी और किसान नेता पहुंचे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अजीत सिंह दौला, संयोजक बालकिशन नागर, संजय नवादा और राजसिंह प्रधान ने मुख्य अतिथि गजराज सिंह का बुके और तलवार भेंट कर अभिनंदन किया। इसी अवसर पर गजराज सिंह ने मनोज नागर को राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी, राष्ट्रीय बजरंग वाहिनी दल घोषित करते हुए नियुक्ति पत्र सौंपा। गजराज सिंह ने बताया कि बजरंग वाहिनी दल का गठन हाल ही में हुआ है। संगठन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म, हिंदुत्व और गौ माता की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार पूरे भारत में हो रहा है और उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में भी इसे सक्रिय किया गया है।

### सड़क हादसे में देवर-भाभी समेत 3 की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में देवर-भाभी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर रविवार शाम को हुई। ऊंची दनकौर के रहने वाले हीरालाल (25) अपनी भाभी तुलसी (36), भतीजी कुमकुम (12) और भतीजे देवा (10) के साथ एक बाइक पर सवार होकर बुलंदशहर में एक शादी समारोह में जा रहे थे। कनारसी गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। इसी दौरान, जुनेदपुर गांव के रहने वाले गौरव नागर (23) भी अपनी बाइक पर वहां से गुजर रहे थे। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें भी सामने से टक्कर मारकर दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर भाग गया। राहगीरों की मदद से 5 घायलों को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने हीरालाल, उनकी भाभी तुलसी और गौरव नागर को मृत घोषित कर दिया।

### भूखंड बेचने का झांसा देकर धोखाधड़ी

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली की पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मुकदमे में न्यायालय के आदेश पर चाचा-भतीजे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पीड़ित ने आरोपियों पर भूखंड बेचने का झांसा देकर 43 लाख 50 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक बिसरख गांव में रहने वाले संदीप ने न्यायालय को बताया कि कुछ दिनों पहले उनके जानकार चाचा-भतीजे मनोज और पुष्पेंद्र उनके घर आए। दोनों ने बताया कि उनका एक भूखंड है, जिसे वे बेचना चाहते हैं। पीड़ित को आरोपियों ने झांसा दिया कि वह उन्हें थोड़ी-थोड़ी रकम करके देते रहना हम भूखंड का बैनामा उसके नाम कर देंगे ।पीड़ित का कहना है कि आरोपियों के झांसे में आकर उन्होंने रकम देनी शुरू की। करीब 43 लाख 50 हजार रुपये दे दिए। पीड़ित ने भूखंड का बैनामा करने के लिए कहा तो वे इधर-उधर की बात करने लगे। पीड़ित ने अपने रुपये वापस मांगा तो आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### प्रदूषण फैलाने पर 18 लाख का जुर्माना

**नोएडा।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने धूल और धुआं उड़ाने पर 18 लाख 10 हजार का जुर्माना लगाया। औचक निरीक्षण के दौरान सोमवार को 12 स्थानों पर ग्रैप-3 के मानकों का उल्लंघन पाया गया। गंगाजल पाइपलाइन डालने के कार्य के लिए नोएडा प्राधिकरण पर भी 10 हजार का जुर्माना किया गया। सेक्टर-51 में नोएडा प्राधिकरण द्वारा मुख्य सड़क के किनारे गंगाजल की पाइपलाइन डालने का काम चल रहा था। इसके अलावा सेक्टर-142 स्थित एसएएस सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-105 स्थित बिजनेस बे फिन इंफ्रा और सेक्टर-150 स्थित समृद्धि इंफ्रा स्क्वायर प्राइवेट लिमिटेड पर पांच लाख-पांच लाख का जुर्माना किया गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने फेज-2 और सेक्टर-50 के तीन स्थानों पर 50 हजार-50 हजार का जुर्माना किया ।पांच अन्य स्थानों पर भी जुर्माना लगाया गया।

# विधायक और जिलाधिकारी ने किया पूरनपुर चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ

## हवन-पूजन व नारियल फोड़कर नई पेराई का किया आरंभ, किसानों का माल्यार्पण कर स्वागत

**पूरनपुर।** द किसान सहकारी चीनी मिल, पूरनपुर में सोमवार को नए पेराई सत्र की शुरुआत परंपरागत विधि-विधान के साथ की गई। नव सत्र का शुभारंभ पूरनपुर के विधायक बाबूराम पासवान और जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। दोनों अतिथि सुबह मिल परिसर पहुंचे, जहां उन्हें मिल प्रशासन ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन किया गया।



विधायक और डीएम ने चीनी मिल के पटले पर नारियल फोड़कर शुभारंभ की औपचारिकता पूरी की। इसके उपरांत उन्होंने पटले में गन्ना डालकर और स्टार्ट बटन दबाकर पेराई सत्र को आधिकारिक रूप से शुरू किया। इस मौके पर मौजूद कर्मचारियों और किसानों ने तालियों से उत्साह व्यक्त किया।

प्रारंभिक कार्यक्रम के बाद वे कांटा घर पहुंचे, जहां फीता काटकर पहली गन्ना बैलगाड़ी और ट्रैक्टर-ट्रॉली की तौल कराई गई। किसानों को फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। अधिकारियों ने किसानों से मिलकर आश्वासन दिया कि इस वर्ष पेराई कार्य समय पर और तेजी से संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री डॉ. विनोद तिवारी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, उप जिलाधिकारी पूरनपुर, मिल के जीएम, उप सभापति बहादुर सिंह, गन्ना विकास समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, प्रधान संघ अध्यक्ष नरेश पाल, संचालक आनंद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी और किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि सरकार किसानों को बेहतर सुविधा देने के लिए कटिबद्ध है, जबकि जिलाधिकारी ने मिल प्रशासन को निर्देश दिया कि पेराई की गति निरंतर बनाए रखी जाए और किसानों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए।

# जिलाधिकारी ने पूरनपुर मंडी में किया औचक निरीक्षण

### धान खरीद में तेजी लाने और किसानों को राहत देने के लिए कड़े निर्देश

**पूरनपुर।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने सोमवार को पूरनपुर मंडी का औचक निरीक्षण कर धान खरीद की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। अचानक पहुंचने पर किसानों ने डीएम के सामने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें सबसे प्रमुख मुद्दा धान तौल में होने वाली देरी था। किसानों ने बताया कि तौल की गति धीमी होने से उन्हें कई घंटे तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

जिलाधिकारी ने मौके पर ही जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में किसानों को परेशान न होने दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि धान खरीदी केंद्रों पर आने वाले सभी किसानों की तौल समय पर और मानक के अनुरूप की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी किसान की तौल में देरी या अनियमितता मिली तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान डीएम ने केंद्रों पर मौजूद कर्मचारियों से धान की आवक, भंडारण व्यवस्था, तौल मशीनों की स्थिति और रिकॉर्ड के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का शत-प्रतिशत लाभ मिलना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, उप जिलाधिकारी पूरनपुर, मंडी सचिव और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने निर्देश दिया कि धान क्रय कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और किसानों को मंडी में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में शुरू हुआ थाईराइड ट्यूमर का ऑपरेशन




**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में विगत दिनांक 04.11.2025 को प्रधानाचार्य डा0 मयंक कुमार शुक्ला के मार्ग दर्शन में नाक, कान, गला विभाग की टीम द्वारा मरीज की थाईराइड की गांठ का सफल ऑपरेशन किया गया। 58 वर्षीय प्राणपुर निवासी महिला ने ईएनटी ओपीडी में विभागाध्यक्ष डा0 नम्रता द्विवेदी को अपनी 01 वर्ष से बढ़ रही थाईराइड ग्रांथि की समस्या के लिए दिखाया था। इसके बाद डा नम्रता द्विवेदी द्वारा मरीज की सभी जरूरी जांचे मेडिकल कॉलेज में करवाई गई। तत्पश्चात् मरीज का पूरी बेहोरी में निश्चेतना विभाग के विरष्ठ परामर्शदाता डा0 महेन्द्र सिंह व नाक, कान, गला विभाग की सर्जन टीम सहायक अचार्य डा0 नम्रता द्विवेदी, सहायक अचार्य डा0 अनुपम मिश्रा व सहायक अचार्य डा0 श्रद्धा गुपता एवं सिस्टर दीप्ती स्वर्णकार द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज पूर्णत: स्वास्थ्य है व मरीज ने प्रधानाचार्य डा0 मयंक कुमार शुक्ला व ई0एन0टी0 टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि अब मेडिकल कॉलेज में सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुवधियें दी जायेगी एवं ललितपुर क्षेत्र के मरीजों को बेहतर ईलाज के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा।

## बदमाशों ने युवक के सिर में गोली मारी, मौत

**कासगंज।** कासगंज में 25 साल के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक घर के बाहर बैठा था, तभी बाइक से आए अपराधियों ने उसके सिर में गोली मार दी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा। खून से लथपथ हो गया। गोली की आवाज सुनकर मां और आसपास के लोग दौड़े। तब तक आरोपी भाग चुके थे। युवक को लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर सीओ सिटी आंचल चौहान औऱ स्क्सुशील कुमार मौके पर पहुंचे और जांच की। घर के बाहर पुलिस को एक बुलेट मिली है। घटना ज्वाददीनपुर गांव की है। युवक की पत्नी शादी के दो महीने बाद ही पति से विवाद के बाद मायके चली गई। मौत की खबर सुनने के बाद भी वह मौके पर नहीं पहुंची।

# कोतवाली पुलिस और यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

## प्रेशर हॉर्न, मोडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध चलाया सघन चैकिंग अभियान

**ललितपुर।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, अनुराग अवस्थी और यातायात प्रभारी आलोक तिवारी द्वारा यातायात माह नवम्बर के दृष्टिगत शहर के प्रमुख चौराहों पर चलाया जागरूकता अभियान। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनुराग अवस्थी, यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी शहर के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से और आम जन मानस में हेलमेट, सीट बेल्ट के प्रति जागरूकता बढ़ने के लिए रचनात्मक यातायात जागरूकता अभियान आयोजित किया । इस कार्यक्रम में जनपद की नाटक मंडली के एक कलाकार को यमराज का रूप धारण कर राहगीरों और वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करने के साथ -साथ सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया । इसी क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 207 वाहनों का चालान किया गया।



# पुलिस ने चोरी के चार आरोपी किये गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**ललितपुर।** सौजना पुलिस ने चार वांछित चोरों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया है। चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सौजना पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 179/25 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस में प्रकाश में आये वांछित अभि0गण चाली राजा पुत्र दरयाव सिंह उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम चौमऊ थाना मडावरा जिला ललितपुर सुमित उर्फ अमित राजा पुत्र नत्थू सिह उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम रमेशरा थाना मडावरा जिला ललितपुर ऋषि केश उर्फ विक्की राजा पुत्र हरीशंकर सिह उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम रमेशरा थाना मडावरा जिला ललितपुर अभिषेक प्रताप सिह पुत्र नाहर सिह उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम जखौरा थाना महरौनी जिला ललितपुर को ग्राम कुसमाड़ थाना सौजना के पास से नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। वादी मुकदमा द्वारा थाना सौजना पर अज्ञात चोरो द्वारा घर का ताला तोड़कर, घर में रखे 1 मोबाइल ओपो कंपनी का व 10 हजार रूपये नगद चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी। सूचना के आधार पर थाना सौजना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।



अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित की गयी थी । गठित टीमों द्वारा सीसीटीवी कैमरों से प्राप्त फुटेज, सर्विलांस (टेक्निकली/मैनुअली) के आधार पर प्रकाश में आये 04 अभियुक्तों को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है ।

गिरफ्तारी करने वाली टीम उ. नि. मुलायम सिह हे. का. बृजबिहारी सेंगर का. गौरव कुमार का. हिमाशु श्रीवास्तव म. का. चंचल शर्मा आदि शामिल रहे।

## महिला के जेठ ने बांका से गला काटा

**सीतापुर।** सीतापुर में सोमवार सुबह महिला और जेठ में चारा काटने को लेकर विवाद हुआ। जिससे गुस्से में आए महिला के जेठ ने बांका से गला रेतकर हत्या कर दी। जिससे महिला गंभीर हालत में जमीन पर गिर पड़ी। वहीं अंजलि की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के तुतहीपुर गांव का है। वहीं अंजलि और जेठ जगतराम में जमीन को लेकर अक्सर विवाद होता था। अंजलि के नाम पर 16 बीघा जमीन थी। जो पति की मौत के बाद इकलौती बेटी के साथ ससुराल में ही रहती थी। जिसको लेकर जेठ अक्सर जमीन को लेकर मारपीट करता था। दरअसल सोमवार सुबह तुतहीपुर गांव में अंजलि (35) पत्नी स्वर्गीय पलटूराम घर पर मशीन से चारा काट रही थी। इसी दौरान उसके जेठ जगतराम के साथ चारा काटने को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान जेठ ने पास में रखा बांका उठाकर गला रेत दिया। जिससे अंजलि जमीन पर गिरकर तड़पने लगी। जिसकी 5 मिनट बाद मौत हो गई। चीख सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने अंजलि को खून से लथपथ पड़ा देखा, जबकि आरोपी भाग चुका था। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। अंजलि के नाम 16 बीघा जमीन थी। अंजलि की एक 6 साल की बेटी रोशनी है। वहीं अंजलि के पति की 2 साल मौत हो गई थी। जिसके बाद से महिला और जेठ का परिवार गांव में अलग-अलग रहते है।

# आजम और बेटे अब्दुल्ला को 7-7 साल की सजा

**रामपुर।** सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला को फिर 7-7 साल की सजा हुई है। रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने फर्जी पैन कार्ड मामले में सोमवार को दोनों को दोषी करार दिया।

फैसले के तुरंत बाद कोर्ट में ही पुलिस ने बाप-बेटे को हिरासत में ले लिया।

दोनों को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट से एक किमी दूर गाड़ी से रामपुर जेल लेकर गई। कोर्ट ने दोनों पर 50-50 हजार का जुर्माना भी लगाया।

आजम पुलिस की बोलेरो से जेल के बाहर उतरे तो एक हाथ में चश्मे का केस, दो पैकेट बिस्किट थे। फिर अब्दुल्ला गाड़ी से उतरा, उसके हाथ खाली थे।

आजम के साथ उनका बड़ा बेटा अदीब भी पीछे-पीछे गाड़ी से जेल के गेट तक पहुंचा।

उसने पिता आजम के कान में कुछ कहा, लेकिन क्या कहा, यह क्लियर नहीं है। अदीब ने भाई अब्दुल्ला को गले लगाया तो दोनों भावुक हो गए।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं छात्राओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें ।
कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें।
सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते। किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें । अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें ।
कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें । प्लेस्टोर से जैनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी ऐप डाउनलोड न करें । महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वन स्टाप सेन्टर, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी ।




# प्रयागराज में फौजी ने प्रेमिका को चाकू से गोदकर दफनाया

## शादी के बहाने बुलाया, दिनभर साथ घूमे, फिर मार डाला; बैग से मिला सिंदूर

**प्रयागराज।** प्रयागराज में आर्मी जवान (फौजी) ने 17 साल की प्रेमिका की हत्या कर दी। शव एक बाग में दफना दिया। प्रेमिका इंटरमीडिएट की छात्रा थी। फौजी की शादी होने वाली थी। प्रेमिका अपने साथ शादी करने की जिद पर अड़ी थी।

फौजी ने प्रेमिका को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। उसने 10 नंवबर को अपनी प्रेमिका को मिलने के लिए बुलाया। पूरे दिन साथ में घूमते रहे। शाम को फौजी प्रेमिका को एक बाग में ले गया। वहीं उसका पहले दुपट्टे से गला कस दिया। बेसुध होने पर चाकू से गोदकर हत्या कर दी।

फिर शव को गड्ढे में दफनाकर भाग निकला। पुलिस ने छात्रा की लाश 15 नंवबर को बरामद की थी। छात्रा के बैग से सिंदूर की डिब्बी मिली थी। पुलिस ने सोमवार को इस घटना का करते हुए आरोपी फौजी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इतना कॉन्फिडेंट था कि वह पकड़ा नहीं जाएगा, इसलिए वह कहीं भागा नहीं था। घटना थाना थरवई के लखरांवा गांव की है।

### 30 नवंबर को होनी थी शादी

आरोपी हर्षवर्धन सिंह उर्फ दीपक (26) थरवई के कुसमगुर गांव का रहने वाला है। वह सेना में नायक है। इस समय उसकी तैनाती पटियाला में थी। छात्रा उसे जून 2025 से जानती थी और दोनों में प्रेम संबंध थे। इंस्टाग्राम से दोनों संपर्क में आए थे। छात्रा कैंट में अपने फूफा के घर रहकर पढ़ाई करती थी। रास्ते में आते-जाते वह उससे मिलता था।

इधर, हर्षवर्धन की शादी तय हो गई। 30 नवंबर को बारात जानी थी। इसलिए फौजी ने छात्रा से दूरी बनानी शुरू कर दी। छात्रा को जब शादी की बात पता चली तो उसने विरोध किया। कहा- वह शादी नहीं करने देगी।

## यूपी में हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**बरेली।** यूपी के बरेली में सोमवार की शाम इंडियन एयरफोर्स के एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर ध्रुव की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी है। हेलिकॉप्टर में टेक्निकल प्रॉब्लम आने पर पायलट ने हेलिकॉप्टर को खेत में उतारा। सूचना मिलने पर 12 गाड़ियों से एयरफोर्स के अफसर और टेक्निकल कर्मी मौके पर पहुंचे हैं। हेलिकॉप्टर में सवार 3 क्रू मेंबर पायलट, को-पायलट और एक क्रू सुरक्षित हैं। चार घंटे बाद भी टेक्निकल प्रॉब्लम ठीक नहीं की जा सकी। मौके पर सेना ने टेंट लगाया है। 50 कुर्सियां भी मंगाई हैं। खेत में ही लाइट की व्यवस्था की गई है। आईएएफ के अनुसार, हेलिकॉप्टर रूटीन ट्रेनिंग मिशन पर था। शाम करीब 4 बजे उड़ान के दौरान टेक्निकल खराबी आ गई। अलर्ट मिलते ही पायलट ने मीरगंज इलाके में गोरा लोकनाथपुर गांव के पास एक सरसों के खेत में सुरक्षित लैंडिंग की। हेलिकॉप्टर को बिना किसी नुकसान के जमीन पर उतार लिया गया। इमरजेंसी लैंडिंग को देखकर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर उमड़ पड़ी। स्थानीय पुलिस ने हेलिकॉप्टर के पास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे भीड़ न लगाएं और सेना की रिकवरी प्रक्रिया में बाधा न डालें। इलाके में पुलिस के जवान तैनात हैं।

# शार्ट न्यूज

## वन विभाग की मिलीभगत से क्षेत्र में बढ़ा अवैध कटान, ग्रामीणों में रोष

**बीसलपुर।** क्षेत्र में वन विभाग की लापरवाही और मिलीभगत के आरोपों ने जंगलों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। करनपुर लाइक राम इलाके में ठेकेदारों द्वारा बिना किसी वैध परमिट के दिनदहाड़े हरे-भरे सागौन के पेड़ काटे जाने की घटनाएँ सामने आई हैं। ग्रामीणों के अनुसार, यह पहला मामला नहीं है, बल्कि लंबे समय से पेड़ों की अवैध कटाई का सिलसिला जारी है। स्थानीय लोग बताते हैं कि ठेकेदारों और वन विभाग के कुछ कर्मियों के बीच सांठगांठ के चलते लकड़ी माफिया बेखौफ होकर जंगल को नुकसान पहुँचा रहा है। सरकार हर साल पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण को मजबूत बनाने का प्रयास करती है, लेकिन इतने बड़े पैमाने पर अवैध कटान इन प्रयासों को कमजोर कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद विभाग कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रहा है। क्षेत्र में बढ़ते अवैध कटान को लेकर जनता में भारी नाराजगी है और वे दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## घरेलू कलह से आहत युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

**बीसलपुर।** घरेलू विवाद से परेशान होकर एक युवती द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेने की घटना से दियोरिया कला गांव में हड़कंप मच गया। गांव निवासी जगदीश प्रसाद की 20 वर्षीय पुत्री शीतल ने परिवारिक कलह से आहत होकर यह कदम उठाया। विषाक्त पदार्थ के सेवन के तुरंत बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी, जिसके चलते परिजनों ने घबराकर 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची और युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर लाकर डॉक्टरों की निगरानी में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टरों ने बताया कि समय पर उपचार मिलने से युवती की स्थिति में सुधार हो रहा है। घटना के बाद परिवार के सदस्यों में तनाव की स्थिति बनी हुई है, वहीं गांव में भी इस मामले को लेकर चर्चा का माहौल है। पुलिस को घटना की जानकारी दे दी गई है और आगे की प्रक्रिया परिवार की ओर से तय की जा रही है।

## पुरानी रंजिश में परीक्षा देकर लौट रहे छात्र पर हमला, चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक छात्र पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। चौखंडी गांव निवासी प्रेमपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पोता अर्जुन 10 नवंबर को कुंवर झनकार सिंह इंटर कॉलेज बरसिया से परीक्षा देकर घर लौट रहा था। तभी रास्ते में मलिखान, ओमकार, सत्यवान पुत्रगण रामदीन तथा आकाश पुत्र अज्ञात ने पुलिया के पास उसे रोक लिया और लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर स्कूल के बच्चे और गांव के धर्मवीर मौके पर पहुंचे और किसी तरह छात्र की जान बचाई। परिजनों ने बताया कि इससे पहले 5 नवंबर को भी अर्जुन के पिता सत्यवीर पर हमलावरों ने हमला किया था, जिसकी शिकायत पहले ही थाने में दी गई थी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** जखौरा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जखौरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0-291/25 धारा 64(1)/351(3) बीएनएस व 66 E IT ACT में वांछित अभियुक्त गब्बर उर्फ अर्जुन पुत्र फुल्ला अहिरवार उम्र करीब 38 वर्ष नि0 ग्राम घिसौली थाना जखौरा ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है ।गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार बैस निरीक्षक मुनेश भारती उ. नि. ब्रजेश कुमार सिंह हे. कां. वीरेन्द्र दुबे आदि शामिल रहे।

## बाइक चोर का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को बाइक चोरी करने वाले एक अभियुक्त का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 1325/2025 धारा- 303(2)/317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त- अमित सोनी उर्फ मोनू उर्फ भैया पुत्र अरविन्द कुमार उर्फ रज्जूलाल उम्र करीब 34 वर्ष निवासी मुहल्ला रामनगर थाना कोतवाली को मुखबिरखास की सूचना पर गिरफ्तार कर, अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गयी 01 मो0सा0 नं0 यूपी94 आर 0893 बरामद की गयी ।

## मंदिर में पुजारी की गला दबाकर हत्या

**बदायूं।** बदायूं में साईं मंदिर के पुजारी की गला दबाकर हत्या कर दी गई। शव मंदिर के कमरे में फर्श पर पड़ा मिला। दोनों पैर गमछे से बंधे थे। गर्दन पर चादर लिपटा हुआ था। जब सुबह लोग दर्शन के लिए आए, तो घटना की जानकारी हुई। लोगों ने मंदिर कमेटी को बताया। कमेटी वाले मौके पर पहुंचे और पुजारी को लेकर अस्पताल भागे, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर प्रभारी एसएसपी डॉ. हृदयेश कठेरिया, एसपी सिटी विजेंद्र द्विवेदी फोरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। लूट के बाद हत्या का मामला मानते हुए पुलिस ने मंदिर के सामानों और भगवान के गहनों को चेक किया गया। इस दौरान चांदी के दो मुकुट गायब पाए गए। पुलिस ने लूट-हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। एसपी सिटी ने बताया कि कई पहलुओं पर जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच से लग रहा है कि बदमाश मंदिर के छत से अंदर घुसे होंगे।

## पिकअप ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले के कप्तानगंज थानाक्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पहली घटना सिकटा-कप्तानगंज मार्ग पर बौलिया के पास हुई। कप्तानगंज के बंदेलीगंज निवासी 34 वर्षीय अजय विश्वकर्मा अपनी पत्नी के साथ बाइक से रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और फरार हो गया। इस हादसे में अजय गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस को सूचना दी। इसी दौरान कप्तानगंज से अपने घर लौट रहे राजमंदिर निवासी तहसील के अधिवक्ता इंद्रेश यादव ने घायल दंपति को अपनी कार से सीएचसी कप्तानगंज पहुंचाया और प्राथमिक उपचार कराया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर समाजसेवी मुलायम और साहेब आलम भी अस्पताल पहुंचे।

## गोरखपुर में मंगलवार को बिजली रहेगी बंद

**गोरखपुर।** गोरखपुर में मंगलवार को शहर और आसपास के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। यह शटडाउन रोड चौड़ीकरण, पेड़ कटाई और अनुरक्षण कार्यों को सुरक्षित ढंग से पूरा करने के लिए प्रस्तावित है, ताकि आगे उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध विद्युत सेवा उपलब्ध हो सके। अनुरक्षण माह के तहत बीज गोदाम क्षेत्र में दाल मील से लेकर पादरी चौकी तक संपूर्ण पादरी रोड पर मंगलवार को मरम्मत और लाइन कार्य निर्धारित है। दाल मील, पादरी रोड और आसपास की कॉलोनियों में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। रोड चौड़ीकरण और पेड़ कटाई कार्य को देखते हुए विद्युत उपकेंद्र पादरी के अंतर्गत 11 केवी जंगल धूषण फीडर की सप्लाई भी मंगलवार को प्रभावित रहेगी। इस फीडर क्षेत्र में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली बंद रखी जाएगी। विभाग के अनुसार यह आवश्यक शटडाउन कार्य को सुरक्षित ढंग से पूरा करने के लिए किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूरोप में सुरक्षा अलर्ट : क्या चीन एक बटन दबाकर ठप कर सकता है पब्लिक ट्रांसपोर्ट?

**न्यूयार्क एजेंसी।** अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ जेट में संभावित किल स्विच को लेकर जारी विवाद अभी शांत भी नहीं हुआ था कि यूरोप में एक और बड़ी सुरक्षा चिंता सामने आ गई है। कई यूरोपीय देश यह जांच कर रहे हैं कि क्या उनकी सड़कों पर चल रहीं सैकड़ों चीनी इलेक्ट्रिक बसों में भी ऐसा ही कोई मैकेनिज़्म मौजूद है, जिसके जरिए बीजिंग चाहे तो इन्हें दूर बैठकर ही बंद कर सकता है। पिछले महीने डेनमार्क, नीदरलैंड और नॉर्वे ने जांच शुरू की थी। अब ब्रिटेन ने भी इसी मुद्दे पर आधिकारिक जांच का आदेश दे दिया है। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, यूके के परिवहन विभाग के अधिकारी और नेशनल साइबर सिक्योरिटी सेंटर मिलकर यह जांच रहे हैं कि चीनी बस निर्माता यूटोंग क्या यूके में चल रही अपनी बसों के कंट्रोल सिस्टम पर रिमोट एक्सेस, ओटीएअपडेट, या डायग्नोस्टिक्स कर सकता है? रिपोर्टों के अनुसार, इजरायल ने हाल ही में सीनियर सैन्य अधिकारियों को दी गई चीनी इलेक्ट्रिक कारों को जब्त करना शुरू कर दिया है। कारण- संभावित जासूसी, डेटा चोरी और चीनी सरकार तक संवेदनशील जानकारी पहुंचने का खतरा। नॉर्वे के ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर रूटर की जांच में पता चला कि बसों की बैटरी मैनेजमेंट और पावर सिस्टम पर रिमोट एक्सेस मौजूद है। यह एक्सेस ओटीए अपडेट के नाम पर दिया गया है। इससे बसों को रिमोट शटडाउन करने की क्षमता मिलती है — यानी एक तरह का किल स्विच। रूटर का कहना है- यूटोंग ने कभी अपनी बसों को दूर से बंद करने की कोशिश नहीं की लेकिन रिस्क वास्तविक है। कार्ड हटाने से खतरा कम हो सकता है लेकिन ऐसा करने पर सॉफ्टवेयर अपडेट रुक जाते हैं और परफॉर्मेंस प्रभावित होती है। कंपनी और उसके ब्रिटेन-ऑस्ट्रेलिया के अधिकृत वेंडर्स ने कहा ओटीए फीचर मौजूद है लेकिन अपडेट रिमोट नहीं, बल्कि ग्राहक की अनुमति के बाद फिजिकल विजिट में होते हैं। उनका कहना है कि रिमोट सिस्टम सिर्फ एसी और कंफर्ट फीचर्स तक सीमित है, न कि ब्रेकिंग/स्टीयरिंग जैसे महत्वपूर्ण फंक्शन तक। कंपनी का दावा है कि वह साइबर सिक्योरिटी मानकों का सख्ती से पालन करती है। इसके बावजूद यूरोप, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और इजरायल की सरकारें जांच को और तेज कर रही हैं।

### अमेरिका में एआइ की मदद से सड़कों को किया जा रहा गड्ढामुक्त, कैमरों की ली जा रही मदद

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) का इस्तेमाल किया जा रहा है। एआइ के जरिये न केवल सड़कों के गड्ढों को चिह्नित किया जा रहा है, बल्कि तकनीक ही तय करती है कि किन गड्ढों को पहले भरा जाना है, कहां गार्डरेल ठीक होनी है, कहां साइनबोर्ड दुरुस्त होने हैं और किस मोड़ पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाने हैं। ये कैमरे संबंधित विभाग को सूचना भेजते हैं और मरम्मत टीम मौके पर जाकर चीजें ठीक करती है। भारत में भी इससे प्रेरणा लेकर सड़कों को यातायात के लिए सुरक्षित बनाया जा सकता है। अमेरिका के हवाई राज्य के अधिकारियों ने बताया कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए 1000 डैशबोर्ड कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे एआइ के इस्तेमाल से सड़कों के किनारे लगे गार्डरेल, सड़क चिह्नों और पैदल मार्ग की मार्किंग का स्वचालित निरीक्षण करते हैं और आपात स्थितियों का आकलन करके मरम्मत कार्य दल को वारंट भेजते हैं। अधिकारियों का कहना है कि ये काम दैनिक आधार पर किया जाता है। कैलिफोर्निया के सैन जो इलाके में सड़कों पर लगे कैमरों के बारे में स्वीपर और सिटी स्टाफ ने बताया कि इस प्रणाली ने 97 प्रतिशत तक सही जानकारी दी। अब इस प्रयास को आगे बढ़ाया जा रहा है। टेक्सास राज्य में सड़कों की हालत का पता लगाने में आम लोगों की भी मदद ली जा रही है। स्वयंसेवी ड्राइवरों की गाड़ियों में लगे कैमरों के साथ-साथ मोबाइल फोन डेटा के इस्तेमाल से खराब सड़कों का पता लगाकर उसे ठीक किया जा रहा है। हवाई राज्य में 2021 से ही सड़क सुरक्षा के लिए आइज आन द रोड अभियान चलाया जा रहा था, जिसमें तमाम गाड़ियों में 499 डालर के डैशकैम फ्री में लगाए गए। इस काम में हवाई यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर रोजर चेन ने भी सहयोग किया। उन्होंने पुराने पड़ चुके सड़क ढांचे में सुधार के लिए कार्यक्रम तैयार किए। सैन जो के मेयर मैट महन ने सड़कों की बेहतरी के लिए दो स्टार्टअप भी शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि उनके एआइ डेटाबेस में शहर की खस्ताहाल सड़कों की तस्वीरें साझा की जाएं तो बड़े पैमाने पर सुधार कार्यक्रम चलाया जा सकता है। एआइ आधारित सड़क सुरक्षा तकनीक से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि आनेवाले वर्षों में लगभग सभी गाड़ियों में कैमरे लग जाएंगे, जिनसे सड़कों की स्थिति बेहतर की जा सकेगी, गड्ढे खत्म किए जा सकेंगे, साइनबोर्ड दुरुस्त रहेंगे और यातायात के लिए सड़कें और भी ज्यादा सुरक्षित हो जाएंगी।

# अमेरिका में बढ़ी महंगाई, ट्रंप ने टैरिफ पर लिया यू-टर्न; भारत को होगा बड़ा फायदा



**अमेरिकी , एजेंसी।** आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के परिणामस्वरूप अमेरिकी उपभोक्ताओं के आक्रोश के मद्देनजर राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एक और यू-टर्न लेते हुए कई वस्तुओं पर टैरिफ घटा दिया है। उन्होंने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत काफी, टमाटर, केला और बीफ सहित 200 से ज्यादा खाद्य वस्तुओं को व्यापक शुल्कों से छूट मिल गई है। खाद्य आयात पर टैरिफ कम करने के ट्रंप प्रशासन के इस फैसले से भारत के आम, अनार और चाय निर्यात को इसका फायदा हो सकता है। उन्होंने कुछ दिन पहले जेनेरिक दवाओं से भी टैरिफ हटाया था। भारत लगभग 47 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है। यह आदेश इन वस्तुओं को पारस्परिक टैरिफ प्रणाली से हटा देता है, जिसके तहत 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत के बीच की दरें लागू होती हैं। हालांकि, यह टैरिफ को पूरी तरह से समाप्त नहीं करता है। उदाहरण के लिए, अमेरिका के प्रमुख आपूर्तिकर्ता मेक्सिको से आयातित टमाटरों पर अभी भी 17 प्रतिशत टैरिफ लागू रहेगा। सीएनएन के अनुसार, लगभग 30 साल पुराने व्यापार समझौते की समाप्ति के बाद यह दर जुलाई से लागू है और इसके तुरंत बाद टमाटर की कीमतों में उछाल आया। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को घोषणा की कि उष्णकटिबंधीय फल औरजूस, चाय और मसाले उन आयातों में शामिल हैं जिन पर पारस्परिक शुल्क नहीं लगेगा। व्हाइट हाउस की ओर से जारी सूची में काफी और चाय, संतरे, टमाटर और बीफ का भी जिक्र है। ट्रंप ने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क लगाया है और रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क भी जोड़ा है। लेकिन, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए ट्रंप ने पहले जेनेरिक दवाओं को शुल्क से मुक्त कर दिया।

**भारत को क्या फायदा हुआ :** इससे भारत को फायदा हुआ जो अमेरिका में लगभग 47 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है। बहरहाल, ट्रंप का यह यू-टर्न बेहद अहम माना जा रहा है क्योंकि वह लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इस साल की शुरुआत में उनके द्वारा लगाए गए व्यापक आयात शुल्क के कारण महंगाई नहीं बढ़ रही है। शुक्रवार शाम एयर फोर्स वन में इस कदम के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने पत्रकारों को अपने टैरिफ के बारे में कहा कि कुछ मामलों में ये कीमतें बढ़ा सकते हैं। लेकिन, कुल मिलाकर अमेरिका में वस्तुत- कोई मुद्रास्फीति नहीं है। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते हुए चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति ने आम लोगों से जुड़े इस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया है। डेमोक्रेट्स ने वर्जीनिया, न्यू जर्सी और न्यूयार्क सिटी में राज्य और स्थानीय चुनावों में लगातार जीत हासिल की है, जहां खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों को लेकर मतदाताओं की बढ़ती चिंता एक प्रमुख मुद्दा थी। ट्रंप प्रशासन ने गुरुवार को उन व्यापार समझौतों की रूपरेखा की घोषणा की, जिनके अंतिम रूप दिए जाने के बाद अर्जेंटीना, इक्काडोर, ग्वाटेमाला और अल सल्वाडोर से कुछ खाद्य पदार्थों और अन्य आयातों पर टैरिफ समाप्त हो जाएंगे।

**कई उत्पादों की कीमतों में भारी उछाल :** अमेरिकी अधिकारी इस वर्ष के अंत तक अतिरिक्त समझौतों पर भी विचार कर रहे हैं। शुक्रवार की सूची में वे उत्पाद शामिल हैं जिन्हें अमेरिकी उपभोक्ता नियमित रूप से अपने परिवारों का पेट भरने के लिए खरीदते हैं, जिनमें से कई उत्पादों की कीमतों में साल-दर-साल दोहरे अंकों में वृद्धि देखी गई है। इसमें संतरे, अकाई बेरी और लाल शिमला मिर्च से लेकर कोको, खाद्य उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले रसायन, उर्वरक सहित 200 से ज्यादा उत्पाद शामिल हैं।

## यूरोप में आंधी-तूफान ने मचाई तबाही, पुर्तगाल और ब्रिटेन में भीषण बाढ़; हाई अलर्ट जारी



**लंदन, एजेंसी।** तूफान क्लाउडिया ने यूरोप में भारी तबाही मचाई है। तूफान के क्लाउडिया के ब्रिटेन और वेल्स की ओर बढ़ने से दो लोगों की मौत हुई है और कई लोग घायल हो गए हैं। राहत बचाव की टीम लगातार रेस्क्यू में जुटी हैं। इस बीच पुर्तगाल के सेतुबल और फारो जिलों समेत कई क्षेत्रों में ऑरेंज अलर्ट जारी है।

दरअसल, तूफान क्लाउडिया ने यूरोप के कई देशों की मुश्किलें बढ़ा दी है। तूफान के कारण भारी बारिश और तेज हवाएं चलीं, जिससे भूस्खलन और बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। यूरोन्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, तेज मौसम ने कई पेड़ उखाड़ दिए और घरों, सड़कों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया।

पुर्तगाल के राष्ट्रीय आपातकालीन और नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण के अनुसार, बुधवार दोपहर से शुक्रवार सुबह तक लगभग 2,434 घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश बाढ़ से संबंधित थीं। दक्षिणी पुर्तगाल का फारो जिला शुक्रवार को सबसे अधिक प्रभावित हुआ, जहां भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण बाढ़ आ गई और पेड़ गिर गए। ब्रिटेन में भी तबाही तूफान क्लाउडिया के चलते ब्रिटने और वेल्स में लगातार आंधी पानी का दौर जारी है। ब्रिटेन के मौसम विभाग ने बताया कि ग्वेंट के तफालोग स्थित नेचुरल रिसोर्सेज वेल्स के वर्षामापी यंत्र पर गुरुवार और शुक्रवार के बीच 81.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

भारी बारिश के कारण ब्रिटेन के वेल्स में बाढ़ आ गई है। बचावकर्मी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर निकालने में जुटे हुए हैं। सेतुबल नगरपालिका के अजीताओ में भूस्खलन के बाद एक सड़क धंस गई, जिससे आवागमन प्रभावित हो गया है। सेतुबल जिले में कई जगहों पर बाढ़ आ गई। आज भी कई जगहों पर बाढ़ का हाई अलर्ट जारी है।

बचाव कर्मियों को गुरुवार को एक बुजुर्ग दंपति का शव उनके बाढ़ग्रस्त घर के अंदर मिला। आशंका है कि वे सो रहे थे और रात में पानी बढ़ने के कारण भाग नहीं पाए। पुर्तगाल में गरज के साथ भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी है। तटीय क्षेत्रों में, चार से पाँच मीटर ऊँची लहरों के लिए चेतावनी जारी है, जो शनिवार रात तक जारी रहने की उम्मीद है।

## बीबीसी से वसूलेंगे पांच अरब डॉलर का हर्जाना, डॉक्यूमेंट्री मामले पर बोले ट्रंप

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कहा है कि अपने भाषण के गलत तरीके संपादन के मामले में वह बीबीसी (ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कॉर्पोरेशन) पर पांच अरब डालर के हर्जाने का मुकदमा दायर करेंगे। बीबीसी इस मामले में दो बार माफी मांग चुका है और उसके दो जिम्मेदार अधिकारियों ने इस्तीफे भी दिए हैं लेकिन ट्रंप इससे संतुष्ट नहीं हैं। बीबीसी की ट्रंप पर बनाई डॉक्यूमेंट्री में उनके छह जनवरी, 2021 के भाषण का गलत संपादन हुआ है। राष्ट्रपति पद के दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव हारने के बाद ट्रंप समर्थकों के बीच भाषण दे रहे थे। बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री में ट्रंप इसी दौरान समर्थकों पर अमेरिकी संसद पर हमले के लिए उकसाते हुए दिखाए गए हैं। संसद पर ट्रंप समर्थकों के हमले की घटना से अमेरिका की काफी किरकिरी हुई थी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को भारी बल प्रयोग करना पड़ा था। 2024 में प्रसारित की गई थी डॉक्यूमेंट्री डॉक्यूमेंट्री में ट्रंप के भाषण में काट-छांट कर संसद पर हमले के लिए उन्हें जिम्मेदार बताने की कोशिश की गई है। यह डॉक्यूमेंट्री 2024 में तब प्रसारित की गई जब ट्रंप दूसरी बार राष्ट्रपति चुने जाने के लिए फिर से चुनाव लड़ रहे थे। हाल ही में यह प्रकरण मीडिया में आने के बाद ट्रंप ने उस पर कड़ी नाराजगी जताई थी। ट्रंप के वकीलों ने इस मामले में बीबीसी को नोटिस भेजकर शुक्रवार तक माफी मांगने और एक अरब डॉलर का हर्जाना देने के लिए कहा था। बीबीसी ने शुक्रवार को ट्रंप से फिर माफी मांगी लेकिन हर्जाने पर कुछ नहीं कहा। बीबीसी के प्रमुख समीर शाह ने कहा, गलत संपादन के पीछे कोई बदनीयत नहीं थी। बीबीसी को भेजे नोटिस में ट्रंप के वकीलों ने कहा है कि डाक्यूमेंट्री में गलत भाषण दिखाए जाने से उनके मुवक्किल (ट्रंप) की छवि बिगड़ी और भारी आर्थिक नुकसान हुआ। शनिवार को छुट्टी मनाने के लिए फ्लोरिडा जाते समय ट्रंप ने अपने विमान एयरफोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पांच अरब डालर का हर्जाना वसूल करने के लिए अगले सप्ताह कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने मेरे मुंह से निकलने वाले शब्दों को बदला है, यह बहुत बड़ी गड़बड़ी है।

## नेपाल के बाद अमेरिका के पड़ोसी देश में सड़कों पर उतरे जेन-जेड, कई शहरों में फैला प्रदर्शन

**काठमांडु, एजेंसी।** नेपाल के बाद अब अमेरिका के पड़ोसी देश मेक्सिको में भी जेन-जेड आंदोलन ने जोर पकड़ लिया है। बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार और हिंसा के खिलाफ शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतरे। यह प्रदर्शन मुख्य रूप से राष्ट्रपति क्लाउडिया शेनबाउम की सुरक्षा नीतियों और ड्रग कार्टलों के खिलाफ नरमी के विरोध में किया गया। खासकर मिशोआकान राज्य में ड्रग तस्करों के खिलाफ अभियान चला रहे मेयर कार्लोस मंज़ो की हत्या के बाद आंदोलन ने तेजी पकड़ी।

**विपक्षी दलों का समर्थन :** जेन-जेड आंदोलन को विपक्षी दलों के विभिन्न आयु वर्ग के नेताओं और समर्थकों का भी खुलकर समर्थन मिला है। आंदोलन अब व्यापक रूप धारण कर चुका है। ज्यादातर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन अंत में





कुछ युवाओं और पुलिस के बीच झड़पें भी हुईं। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर, पटाखे, लाठियां और जंजीरें फेंकी और उनकी ढालें और उपकरण छीन लिए। जवाब में पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी और लाठीचार्ज किया।

**झड़प में 120 घायल, 20 गिरफ्तार :** राजधानी के सुरक्षा सचिव पाब्लो वाजक्वेज ने बताया कि झड़पों में कुल 120 लोग घायल हुए, जिनमें से 100 पुलिस अधिकारी शामिल हैं। इस मामले में 20 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को घसीटते और बल प्रयोग करते दिखाया गया, जिससे मनमानी गिरफ्तारियों और दुरुपयोग के आरोप लगे।

**जेन-जेड आंदोलन की वजहें :** जेन-जेड यानी 1990 के दशक के अंत और 2010 के शुरुआती वर्षों में जन्मे युवा इस साल कई देशों में असमानता, लोकतांत्रिक पतन और भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं। नेपाल में सितंबर में हुए जेन-जेड प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा था। मेक्सिको में युवा भ्रष्टाचार, हिंसक अपराध और अपराधियों को दंड न मिलने से परेशान हैं। वे सरकार को नार्को-स्टेट (ड्रग माफिया प्रभावित राज्य) कहकर निशाना बना रहे हैं। इस प्रदर्शन में केवल युवा ही नहीं, बल्कि विभिन्न आयु वर्ग के लोग शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति विसेंट फॉक्स और मेक्सिकन अरबपति रिकार्डो सेलिनास प्लीगो ने सोशल मीडिया पर समर्थन संदेश जारी किए। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय महल (पलासियो नासियोनल) के आसपास की बाड़ तोड़ी और राष्ट्रपति शेनबाउम के इस्तीफे की मांग की। कई ने वन पीस कार्टून से प्रेरित समुद्री डाकू का खोपड़ी वाला झंडा लहराया, जो जेन-जेड आंदोलन का वैश्विक प्रतीक बन चुका है। एक 29 वर्षीय प्रदर्शनकारी एंड्रेस मासा ने कहा, हमें अधिक सुरक्षा की जरूरत है।

# चीन ने खोजा 1,000 टन से ज्यादा सोना, एक साल में तीसरी बार मिली बड़ी खदान

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने एक बार फिर अपने विशाल शिनजियांग क्षेत्र के कुनलून पर्वतों में सोने का एक विशाल भंडार खोज निकाला है। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, यहां 1,000 टन से अधिक सोना मौजूद होने की संभावना है। यह खोज इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले एक साल में चीन को यह तीसरी मेगा-गोल्ड डिस्कवरी मिली है। इससे पहले लियाओनिंग और हुनान प्रांतों में भी 1,000 टन से ज्यादा सोने वाली खदानें मिली थीं। लगातार मिल रही इन खोजों ने दुनिया के गोल्ड मार्केट में चीन की संभावनाओं को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है।

**कुनलून पर्वत में क्या मिला :** चीनी भूविज्ञान एजेंसियों ने कुल 87



संभावित सोना-क्षेत्र की पहचान की। इनमें से 6 क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण बताए गए। पहाड़ों की ऊपरी 300 मीटर परत में सोने की परतें सीधे खनन योग्य पाई गईं। इससे खनन लागत कम होगी और चीन बहुत जल्दी इसका व्यावसायिक उत्खनन शुरू कर सकता है।

**पहले दुनिया की सबसे बड़ी खदानें कितने टन की थीं :** अब तक दुनिया की अधिकतर सबसे बड़ी सोने की खदानें कुछ सौ टन तक ही सीमित थीं। इसी वजह से 1,000+ टन का एक ही स्थान पर मिलना वैश्विक स्तर पर बड़ा भू-वैज्ञानिक घटनाक्रम माना जा रहा है।

**पहले अनुमान गलत साबित हुए चीन के गोल्ड रिसोर्स उम्मीद से ज्यादा :** विशेषज्ञों का अनुमान था कि चीन में लगभग 3,000 टन सोना अनमाइन्ड है। यह संख्या- रूस और ऑस्ट्रेलिया की तुलना में काफी कम मानी जाती थी। लेकिन नए हाईटेक सर्वे और तकनीकी खोजों ने दिखाया कि चीन के पास इसका कई गुना ज्यादा सोना हो सकता है।

**2018 में बनाया गया क्रॉस-आकार का भू-तरंग एंटीना सिस्टम :** यह सिस्टम जमीन की किलोमीटर-गहरी परतों तक संकेत भेज सकता है। इससे सोना ही नहीं बल्कि लिथियम,यूरेनियम,रेयर अर्थ मेटल्स,प्राकृतिक गैस और तेल की खोज भी कम लागत और अधिक सटीकता से हो रही है। इस टेक्नोलॉजी का प्रभाव चीन से बाहर अफ्रीकी देशों तक में दिख रहा है, जहां उसने कई नई खदानें खोजने में मदद की है। भारत में भी सोने की खानें हैं, विशेषकर राजस्थान,झारखंड और मध्य प्रदेश में। लेकिन रिजर्व अपेक्षाकृत छोटे,तकनीक पुरानी और खोज का बजट सीमित है। यही कारण है कि चीन जैसी मेगा डिस्कवरी भारत में फिलहाल नहीं देखी गई है।

## युद्ध का संकेत दे रहा पाक, दिल्ली विस्फोट के बाद बलूच कार्यकर्ता का बड़ा दावा



**करांची, एजेंसी।** बलूच मानवाधिकार कार्यकर्ता मीर यार बलूच ने शनिवार को दावा किया कि दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के पास हाल ही में हुए कार बम हमले और उसके बाद श्रीनगर में हुए आकस्मिक विस्फोट पाकिस्तान द्वारा युद्ध की घोषणा के समान है। विगत 78 वर्षों में दुनिया को पाकिस्तान के साथ संबंध बनाए रखने से आतंकवाद, रक्तपात, अस्थिरता, परमाणु हथियार हथियार, ब्लैकमेलिंग की रणनीति और देश की गिरती अर्थव्यवस्था को सहारा देने के बोझ के अलावा कुछ भी हासिल नहीं हुआ है।

**मीर ने पाकिस्तान को बताया जिम्मेदार :** मीर ने एक्स पोस्ट में लिखा, पाकिस्तान एक ऐसा देश है जिसका इतिहास गढ़ा गया है, जिसकी अर्थव्यवस्था बलूचिस्तान के विशाल संसाधनों के दोहन से चलती है, और जिसकी सेना ने आतंकवादी समूहों को बढ़ावा और प्रशिक्षण दिया है, जिससे संघर्ष का एक अंतहीन चक्र चलता रहा है। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान एक बार फिर भारत में 1990 के दशक जैसी स्थितियां पैदा करने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा, बलूचिस्तान के रक्षा विश्लेषकों ने निष्कर्ष निकाला है कि पाकिस्तान का आतंकवाद छोड़ने का कोई इरादा नहीं है, और इसलिए, जैसा कि इजरायल ने किया है, दिल्ली को भी बड़े पैमाने पर निर्णायक कार्रवाई पर विचार करना चाहिए। इजरायल एक साथ कई, ज्यादा शक्तिशाली देशों पर हमले करता रहता है; जबकि पाकिस्तान, भारत के साथ एक महीने तक भी लगातार संघर्ष नहीं झेल पाएगा। इसलिए भारत के लिए यह जरूरी है कि वह पाकिस्तान के आतंकवादी हमलों से शुरू हुए संघर्ष को निर्णायक रूप से समाप्त करे। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को बलूचिस्तान और अफगानिस्तान, दोनों को आपातकालीन आधार पर खुले तौर पर रक्षात्मक और सैन्य सहायता प्रदान करनी चाहिए। अफगानिस्तान में, भारत को बगराम के साथ-साथ कम से कम दस अतिरिक्त हवाई अड्डों की तलाश करनी चाहिए ताकि अफगानिस्तान की जमीन से अभियान शुरू किया जा सके। विशेषज्ञों का हवाला देते हुए मीर ने कहा कि दिल्ली और काबुल को संयुक्त रूप से एक भारत-अफगानिस्तान-बलूचिस्तान त्रिपक्षीय सम्मेलन की मेजबानी करनी चाहिए ताकि ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की जा सके और साझा हितों की रक्षा तथा पाकिस्तान की आईएसआई और सेना द्वारा छेड़े गए।

# ब्राजील के जलवायु शिखर सम्मेलन में चीन ने संभाली कमान, अमेरिका पीछे हटा

**टोरंटो, एजेंसी।** ब्राजील के अमेज़न शहर बेलेम में हो रहे यूएन के वार्षिक जलवायु सम्मेलन सीओपी30 में इस बार एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। अमेरिका पहली बार 30 साल में आधिकारिक तौर पर सम्मेलन से अनुपस्थित है और इसी खाली जगह को चीन ने तेजी से भर दिया है। सम्मेलन स्थल के मुख्य प्रवेश द्वार पर चीन का विशाल पैवेलियन, उसकी बड़ी कंपनियों की मौजूदगी और उसके अधिकारियों की सक्रिय कूटनीति ने इसे इस साल का सबसे प्रभावशाली देश बना दिया है।

**अमेरिका के हटते ही चीन की भूमिका बढ़ी :** चीन के पैवेलियन में सी ए टी एल, बी वाई डी ,स्टेट ग्रिड, ट्रिना सोलर और लोंगी जैसी दिग्गज ग्रीन-टेक कंपनियां लगातार प्रेजेंटेशन दे रही हैं। उनका फोकस है नवीकरणीय ऊर्जा, बैटरी टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, और ग्रीन सप्लाई चेन। चीन के प्रतिनिधि लगातार दूसरे देशों से मुलाकात कर रहे हैं और क्लाइमेट नेगोशिएशन के माहौल को सकारात्मक रखने की कोशिश कर रहे हैं। जनरल फ्रांसेस्को ला कैमरा ने कहा- कूटनीति हमेशा खाली जगह की ओर बहती है,अमेरिका के हटने से वह जगह चीन ने ले ली है।

**क्यों पीछे हटा अमेरिका :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर से जलवायु समझौतों के आलोचक बनकर सामने आए हैं। ट्रंप ने अमेरिका को दोबारा पेरिस जलवायु समझौते से बाहर कर दिया है। इस साल उन्होंने सीओपी30 में एक भी हाई-लेवल अमेरिकी प्रतिनिधि नहीं भेजा। व्हाइट हाउस प्रवक्ता टेलर रोजर्स ने कहा- ट्रंप अस्पष्ट क्लाइमेट लक्ष्यों के लिए अमेरिका की आर्थिक सुरक्षा दांव पर नहीं लगा सकते। विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिका का यह कदम वैश्विक जलवायु राजनीति में उसकी पकड़ कमजोर करता है। कैलिफ़ोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूज़ॉम ने




चेतावनी दी- अगर हमने जागरूकता नहीं दिखाई, तो नवीकरणीय ऊर्जा उद्योग में अमेरिका चीन से बहुत पीछे रह जाएगा।

**चीन का विशाल सीओपी30पैवेलियन—पहले से कई गुना बड़ा :** इस बार चीन का पैवेलियन सम्मेलन के प्रवेश द्वार के ठीक बगल में है। यहां टॉप चीनी कंपनियाँ अंग्रेज़ी में प्रेजेंटेशन दे रही हैं। आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए सस्टेनेबल कॉफी, पांडा थीम वाले गिफ्ट्स और टेक डेमो रखे गए हैं। सीएटीएल के वाइस प्रेसिडेंट मेंग जियांगफेंग ने कहा- आइए मिलकर पेरिस समझौते के विज़न को आगे बढ़ाएं—एक स्वच्छ और सुंदर दुनिया बनाएं। सीएटीएल दुनिया के इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए हर तीसरी बैटरी सप्लाई करता है—टेस्ला, फोर्ड और वोक्सवैगन जैसे दिग्गज ग्राहक हैं।

**दक्षिणी देशों को भी फायदा—चीन का दावा :** चीन के पर्यावरण उप मंत्री ली गाओ ने कहा- दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता होने से विकासशील देशों को भारी फायदा हुआ है। चीन ने सीओपी30 के लिए प्लग-इन हाइब्रिड वाहनों की एक पूरी फ्लीट भी उपलब्ध कराई है, जो बायोफ्यूल पर भी चल सकते हैं। ब्राज़ील के अधिकारी भी चीन के योगदान की तारीफ कर रहे हैं- चीन अपनी ऊर्जा क्रांति को दुनिया के लिए लाभकारी बना रहा है, कम दामों पर साफ ऊर्जा उपलब्ध हो रही है।

**नेगोशिएशन में भी सक्रिय - अमेरिका की कमी पूरी कर रहा चीन :** बैठकों में भी चीन का असर साफ दिख रहा है। पहले जहां चीन केवल अपने मुद्दों पर बोलता था, इस बार वह विभिन्न देशों को सहमति तक लाने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। ब्राज़ील के एक राजनयिक ने बताया कि चीन ने ष्टह्रक्क30 का एजेंडा फाइनल करवाने में अहम भूमिका निभाई।

**क्या चीन वाकई 'लीडर' की भूमिका निभा रहा है :** कुछ विशेषज्ञ कहते हैं कि चीन का नेतृत्व अभी आंशिक है- चीन ने अपने उत्सर्जन को 2035 तक केवल 7त्न घटाने का लक्ष्य रखा है, कई देशों को यह काफी नहीं लगता। लेकिन दूसरों का कहना है कि चीन की टेक्नोलॉजी ही दुनिया को नेट-जीरो तक पहुँचने में सबसे बड़ा योगदान दे रही है। एशिया सोसाइटी की चीन विशेषज्ञ ली शुओ का कहना है- सबसे ताकतवर देश वह नहीं होता जो ष्टह्रक्क में सबसे जोर से बोलता है, बल्कि वह होता है जो असल में ग्रीन टेक बना रहा होता है।

# शुभमन को अस्पताल से छुट्टी मिली पर दूसरे टेस्ट में खेलने पर संशय बरकरार



## फिट नहीं हुए तो सुदर्शन या पाडिक्कल को मिलगा अवसर

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। शुभमन को पहले टेस्ट में बल्लेबाजी के दौरान ही गर्दन में अकड़न आ गयी थी जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह अस्पताल से तो बाहर आ गये हैं पर अभी भी गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट में उनका खेलना संदिग्ध है। टीम प्रबंधन उनके कार्यभार को ध्यान में रखकर ही इस मामले में फैसला लेगा। शुभमन मंगलवार को होने वाले अभ्यास सत्र में भी भाग नहीं लेंगे। वहीं पूरी टीम बुधवार को गुवाहाटी रवाना होगी। गिल गर्दन की समस्या से उबर रहे हैं और ऐसे में माना जा रहा है कि वह अभी साथ खिलाड़ियों के साथ नहीं जाएंगे।

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच के बाद कहा था था कि शुभमन की सेहत पर मेडिकल टीम की नजरें हैं और फिजियो जल्द ही उनकी एक और जांच करेगा उसके बाद ही उनके आगे खेलने पर फैसला होगा। पहले टेस्ट की दूसरी पारी में शुभमन के बाहर होने से भारत के पास एक बल्लेबाज की कमी हो गयी थी। गंभीर ने माना कि यह स्थिति आसान नहीं थी। उन्होंने कहा, यह एक कठिन परिस्थिति थी। शुरुआत से ही हम जानते थे कि हमारी बल्लेबाजी में एक खिलाड़ी की कमी है।

अगर गिल गुवाहाटी टेस्ट के लिए फिट नहीं होते, तो उनकी जगह पर बी साई सुदर्शन और देवदत्त पाडिक्कल को टीम में जगह मिल सकती है। पाडिक्कल ने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में एक-एक टेस्ट खेला था। अगर टीम एक-एक बदलाव तक सीमित रहती है, तो भारतीय टीम अगली इलेवन में सात बाएं हाथ के बल्लेबाजों के साथ उतरेगी। कोलकाता टेस्ट में भारतीय टीम ने पहली बार छह बाएं हाथ के बल्लेबाज उतारे थे। गिल पिछले साल भी गर्दन की अकड़न के कारण ही न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट नहीं खेल पाये थे। हैं। आईपीएल 2025 के बाद से ही लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं ऐसे में माना जा रहा है उन्हें फिटनेस बनाये रखने ब्रेक दिया जाना भी जरुरी है।

# सिनर ने लगातार दूसरा बार जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब, खिताबी मुकाबले में अल्काराज को हराया



**ट्यूरिन (इटली) (एजेंसी)।** इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फाइनल मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराकर लगातार दूसरी बार अपना एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता।

सिनर ने रविवार को खेले गये खिताबी मुकाबले में विश्व के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी अल्काराज को 7-6 (7-4), 7-5 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। सिनर ने पिछले तीन एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप मैचों में शामिल रहे हैं और उन्होंने लगातार दूसरी बार खिताब जीता है। 2023 के संस्करण में उन्हें सर्बिया के नोवाक जोकोविच से हार का सामना करना पड़ा था।

खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा, 'कार्लोस के खिलाफ खेलना मुश्किल था। वह खेल में वापसी करने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। मैं बहुत खुश हूं। यह बहुत ही कठिन मैच था। इस सीजन का इस तरह अंत करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है।' सिनर और अल्काराज ने साल के चारों ग्रैंड स्लैम खिताब बराबरी पर जीते हैं, जिसमें सिनर ने ऑस्ट्रेलियन और विंबलडन का खिताब जीता, जबकि स्पेनिश खिलाड़ी ने फ्रेंच और यूएस ओपन में जीत हासिल की। ट्यूरिन में ग्रुप चरण में तीन जीत के बाद, अल्काराज ने साल के अंत में नंबर वन रैंकिंग हासिल की, सिनर दूसरे स्थान पर हैं।

# सीनियर खिलाड़ियों को आराम देने अज़लान शाह के लिए युवाओं को भेज रहे : कोच



### –भारतीय टीम का 2026 सत्र रहने वाला है बेहद व्यस्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने कहा है कि मलेशिया में 23 नवंबर से शुरु हो रहे सुल्तान अज़लान शाह कप टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ियों को शामिल करने का कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव देने के साथ ही सीनियर खिलाड़ियों को भविष्य के मुकाबलों को देखते हुए आराम देना है। भारतीय टीम को आने वाले समय में कई बड़े मुकाबले खेलने है। इसी कारण हरमनप्रीत सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, और मनदीप सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। कोच ने कहा, भारत ए टीम चीन और यूरोप दौरे से लौटी है। इन्हीं खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में भेजने का लाभ ये है कि वे बड़े मंच पर कैसा प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने बताया कि टीम का हाल ही में तीन सप्ताह का सफल शिविर अच्छा रहा है। फुल्टन ने बताया कि वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम देने का सबसे बड़ा कारण है 2026 का व्यस्त और महत्वपूर्ण कैलेंडर इसमें भारतीय टीम को एफआईएस हॉकी वर्ल्ड कप, एशियन गेम्स लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक क्वालिफायर खेलने हैं। उन्होंने कहा- हमने इस साल एशिया कप जीतकर अगले साल के वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया है। 2026 को लेकर हमारे लक्ष्य बड़े हैं। साथ ही कहा कि साल 1975 के वर्ल्ड कप खिताब को 50 साल पूरे हो रहे हैं। हम फिर से उस स्तर तक पहुंचने और 2026 को भारत शीर्ष पर पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।फुल्टन के अनुसार इसी का युवाओं को भी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भेजा जा रहा है जिससे हमारी टीम किसी भी दिन किसी भी टीम को हरा सके।

# आईपीएल में कप्तानी करना भारतीय टीम की कप्तानी से भी मुश्किल: राहुल

### –मानसिक और शारीरिक थकाना होती है



**कोलकाता (एजेंसी)।** आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान रहे केएल राहुल ने पहली बार कप्तानी छोड़ने के कारणों का खुलासा किया है। राहुल के अनुसार आईपीएल में कप्तान करना उनके लिए कठिन रहा है। राहुल ने यहां तक कहा कि आईपीएल की कप्तानी करना उनके लिए भारतीय टीम की कप्तानी से भी कठिन रहा है। इससे उन्हें अधिक मानसिक और शारीरिक थकाना हुई है।

राहुल के अनुसार आईपीएल की कप्तानी इसलिए भी तनावपूर्ण होती है क्योंकि इसमें टीम मालिकों का दबाव रहता है, इसके अलावा लगातार बैठकें और समीक्षाएं होती रहती हैं। राहुल ने कहा आईपीएल में कप्तानी की सबसे कठिन बात थी उसमें होने वाली बार-बार बैठकें। इसमे हर फैसले पर सवाल उठाते थे और टीम मालिकों को भी हर बात सामझानी पड़ती थी। इससे खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप से थक जाता है। साथ ही कहा कि आईपीएल के बाद उन्हें 10 महीने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ज्यादा थकान लगी। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा लगता था कि हर फैसले पर सवाल उठाया जा रहा है, इसमें से बातें होती थी कि विरोधी टीम कैसे इतने रन बना पायी हौर हम नहीं बना पाये।

वहीं राहुल ने कहा कि कोच और चयनकर्ता खेल को समझते हैं, इसलिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऐसे सवाल नहीं उठते हैं। वहीं ऐसे लोग जो क्रिकेट से नहीं होते विशेष रुप से मालिक उन्हें कोई बात समझाना संभव नहीं है। गौरतब है कि आईपीएल 2024 में राहुल की कप्तानी के दौर टीम मालिक से संजीव गोयनका से काफी बहस हुई थी जिसके बाद से ही ये अनुमान लगाया गया कि वह अगले सत्र में टीम के साथ नहीं रहेंगे। राहुल इसके बाद से ही दिल्ली कैपिटल्स में हैं।

# वॉन ने गंभीर पर कसा तंज, ऐसी पिच तैयार करोगे तो हार ही मिलेगी



लंदन ।इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम की हार के बाद कोच गौतम गंभीर पर निशाना साधा है।वॉन ने तंज कसते हुए कहा कि अगर ऐसी पिच तैयार करोगे तो हार ही मिलेगी। वहीं इससे पहले भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि वह इस मामले में पिच को दोष नहीं देते क्योंकि इसी प्रकार की पिच बनाने को उन्होंने कहा था। साथ ही कहा कि हमारी टीम को टर्निंग पिच पर खेलने आना चाहिए और अगर नहीं खेलेंगे तो हारना तय है।इसी पर वॉन ने लिखा, 'ऐसी पिच तैयार करो और विश्व टेस्ट चैंपियंस के खिलाफ आगे भी हारने के लिए तैयार रहो।इसके साथ ही उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को शानदार जीत पर बधाई दी।' इस मैच में दोनों टीमें असमान उछाल और तेज टर्न के खिलाफ संघर्ष कर रही थी। केवल दक्षिण अफ्रीकी कप्तान तेंबा बवुमा ही इस मैच में अर्धशतक लगा पाये। कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी पिच पर निराशा व्यक्त की। गंभीर ने कहा हालात वही थीं जो टीम चाहती थी पर हमारे बल्लेबाज रन बनाने में विफल रहे।

# भारतीय टीम जीत के साथ ही सेमीफाइनल में पहुंची

### –दृष्टिबाधित टी20 महिला विश्वकप : भारत–पाक मैच के बाद दोनो टीमों की खिलाड़ियों ने मिलाये हाथ

**दोहा (एजेंसी)।** भारतीय दृष्टिबाधित महिला टीम ने टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की टीम को 8 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी है। इस मैच में पहली बार भारत और पाक की खिलाड़ियों ने हाथ मिलाये। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से से ही दोनो ही टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथ मिलाने का सिलसिला रुका हुआ था। ये पहला मैच था जिसमें दोनो टीमो के खिलाड़ियों ने अंत में हाथ मिलाये। भारतीय टीम ने इस मैच को केवल 10 ओवर में ही जीत लिया। इस टूर्नामेंट में ये पांचवां मुकाबला था जिसे भारतीय टीम ने जीता है। इस मैच में भी टॉस के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों ने एक दूसरे से हाथ नहीं मिलाए पर मैच समाप्त होने के बाद दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने एक दूसरे से हाथ मिलाए और एक दूसरे का अभिवादन किया। इसके अलावा दोनों ही टीमें मैच के लिए एक ही बस में सवार होकर स्टेडियम पहुंची। मैच समाप्त होने के बाद पाकिस्तानी टीम की कप्तान निमरा रफीक ने भारत को जीत की बधाई दी। वहीं भारतीय कप्तान दीपिका टीसी ने भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की प्रशंसा की।



इस मैच में पाक की नेत्रहीन महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 135 रन बनाये। महरीन ने 66 रन और अशरफ ने 44 रन बनाए। इसके बाद भारतीय टीम ने जीत के लिए मिले लक्ष्य को दीपिका के 45 रनों और अनेखा देवी के 64 रनों की सहायता से 10 ओवर में 2 विकेट पर 136 रन बनाकर हासिल कर लिया।

# हरभजन ने ईडन गार्डन की पिच पर नाराजगी जतायी, इस प्रकार की पिचों से टेस्ट क्रिकेटर को हो रहा नुकसान



नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही टेस्ट में टीम को मिली करारी हार पर निराशा जतायी है।हरभजन ने इस हार के लिए टीम प्रबंधन को जिम्मेदार बताते हुए उन्हें आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन ने ऐसी पिच बनवायी जिसपर बल्लेबाजी करना बेहद कठिन था।भारतीय टीम की तीन दिनों के अंदर हुई हार के बाद ही ईडन गार्डन्स की पिच विवादों में है क्योंकि तीन दिन के अंदर ही 40 विकेट गिर गए।हरभजन ने कहा कि ऐसी पिचों के कारण ही टेस्ट क्रिकेट को नुकसान हो रहा है।साथ ही कहा कि इस प्रकार की पिच पर खेलकर खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ सकते। हरभजन ने कहा, 'इस प्रकार की पिच से पूरी टेस्ट क्रिकेट बर्बाद हो रहा है।इस प्रकार की पिचें बनाने को काम पिछले कुछ समय से हो रहा है।मैं कई सालों से देख रहा हूं।कोई इस बारे में बात नहीं करता क्योंकि टीम जीत रही है, कोई विकेट ले रहा है, कोई महान खिलाड़ी बन रहा है।उन विकेटों को लेकर इसलिए सबको लगता है कि सब कुछ ठीक चल रहा है।मुझे लगता है कि यह चलन आज शुरू नहीं हुआ है।यह कई सालों से चल रहा है, और मुझे लगता है कि यह खेलने का सही तरीका नहीं है!' साथ ही कहा 'आप किसी भी तरह से आगे नहीं बढ़ रहे हैं, आप चक्की में बंधे घूम रहे हैं।आप जीत रहे हैं, लेकिन इसका कोई लाभ नहीं है क्योंकि एक क्रिकेटर के रूप में, आप आगे नहीं बढ़ रहे हैं।इसलिए मुझे लगता है कि यह समय है इस पर विचार करने का कि ऐसी पिचों पर मैच खेलना जहां आपके बल्लेबाज यह भी नहीं जानते कि रन कैसे बनाए जाएं।

# 'स्पिन खेलने में भारत से बेहतर हैं पश्चिमी टीमें', अश्विन का भारतीय बल्लेबाजों पर बड़ा हमला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रविचंद्रन अश्विन ने भारतीय बल्लेबाजों में गेंदबाजों के खिलाफ खेलने की क्षमता की कमी को उजागर करते हुए दावा किया कि अगर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर या पूर्व घरेलू हीरो अमोल मज़ूमदार, भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच और मिथुन मन्हास ऐसी पिच पर स्पिनरों के खिलाफ खेले होते, तो टेस्ट चार दिन तक चलता, जबकि भारत को ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 30 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

इस हार को देखने के बाद, पूर्व ऑफ स्पिनर अश्विन, जिन्होंने पिछले एक दशक में अपनी स्पिन में महारत के साथ टर्निंग ट्रैक पर भारत की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, का मानना ??है कि पश्चिमी देश स्पिन से निपटने में भारत से कहीं बेहतर हैं। भारत और विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच बमुश्किल तीन दिन चला, क्योंकि मेजबान टीम 134 रनों के लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रही और 93 रनों पर ढेर हो गई।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि मैं एक ऐसे दौर में एक और मैच में अपनी गर्दन निकालकर कहूंगा, जब स्पिन गेंदबाजी का बखूबी मुकाबला किया जाता था। मैं अमोल मज़ूमदार और मिथुन मन्हास, जो बीसीसीआई अध्यक्ष हैं, का नाम लूंगा, और मैं सभी का नाम नहीं लूंगा, बल्कि अपने चरम पर क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर का नाम लूंगा। अश्विन ने आगे कहा कि अगर ये खिलाड़ी स्पिन के ख़िलाफ़ इसी विकेट पर खेलते, तो यह मैच चार दिन तक खिंच सकता था। कुल 16 बल्लेबाज़ों में से सिर्फ़ तीन-चार बल्लेबाज़ ही अच्छी तरह से डिफ़ेंड कर पाए। अगर आपको टर्निंग ट्रैक पर खेलना है, तो स्पिन के ख़िलाफ़ आपका खेल अच्छा होना चाहिए; वरना, ऐसी पिचों पर मत खेलिए।

पहली पारी में गर्दन में ऐंठन के कारण भारत के कप्तान शुभमन गिल का विकेट गिर गया। कप्तान के बिना, गिल के उपकप्तान ऋषभ पंत ने उनकी जगह ज़िम्मेदारी संभाली और भारत ने 10 खिलाड़ियों के साथ मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने की कोशिश की। वाशिंगटन सुंदर (92 गेंदों पर 31 रन) और अक्षर पटेल (17 गेंदों पर 26 रन) की ज़बरदस्त पारियों के बावजूद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। भारत की हार के असली सूत्रधार साइमन हार्मर थे, जिन्होंने अपनी बाएँ हाथ की स्पिन से पंत, ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा के विकेट चटकाए और 30 रन देकर 4 विकेट लिए। हार्मर के खिलाफ भारत का संघर्ष आधुनिक समय की दिग्गज टीमों की स्पिन के खिलाफ घटती कला की कड़वी याद दिलाता है।

# रिजवान व फखर के अर्धशतकों से पाकिस्तान ने तीसरे एकदिवसीय में श्रीलंकाई टीम को 6 विकेट से हराया, 3–0 से सीरीज जीती



लाहौर। मोहम्मद वसीम जूनियर की अच्छी गेंदबाजी और मोहम्मद रिजवान वह फखर जमा की बेहतरीन बल्लेबाजी से पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में 6 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज पाक टीम ने 3–0 से जीत ली है।इस मैच में मेहमान श्रीलंकाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.2 ओवरों में ही 211 रनों पर आउट हो गयी।पाक की ओर से वसीम ने तीन विकेट लिए।इसके बाद जीत के लिए मिले 212 रनों के लक्ष्य को पाक ने रिजवान और फखर के अर्धशतकों की सहायता से 4 विकेट के नुकसान पर 45वें ओवर में ही हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम की ओर से ओपनर पथुम निसंका 24 रन बनाकर ही आउट हो गये।सदीरा समरविक्रमा ने सबसे अधिक 48 रन की पारी खेली जबकि पवन रत्नायके ने 32 रन बनाये जबकि कामिल मिश्रा ने 29 रन बनाये।पाक की ओर से वसीम जूनियर ने 3 विकेट लिए जबकि हारिस रउफ और फैसल अकरम को दो– दो विकेट मिले।212 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम ने 44.4 ओवर में ही 4 विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाकर मैच जीत लिया।सलामी बल्लेबाज फखर जमां ने 45 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 55 रन बनाये जबकि मोहम्मद रिजवान ने 92 गेंदों पर 62 रन बनाये।बाबर आजम ने 52 गेंदों पर 34 रन बनाए।हुसैन तलत 57 गेंदों पर 42 रन बनाकर नाबाद लौटे।वहीं श्रीलंका की ओर से जेफ्री वेंडरसे ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए जबकि एक विकेट महीश तीक्ष्णा को मिला।

# दिनेश कार्तिक की चेतावनी-सुंदर को नंबर-3 पर भेजकर टीम इंडिया कर रही है बड़ी गलती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट में टीम इंडिया ने वॉशिंगटन सुंदर को एक चौंकाने वाला प्रमोशन दिया और उन्हें नंबर-3 पर बल्लेबाजी के लिए भेजा। हालांकि यह प्रयोग उम्मीद के मुताबिक नहीं चला और सुंदर दोनों पारियों को मिलाकर सिर्फ 60 रन ही बना पाए। इतना ही नहीं, गेंदबाजी में भी उनका असर बिल्कुल नहीं दिखा और पूरे मैच में उन्होंने सिर्फ एक ओवर फेंका।

### कार्तिक ने जताई चिंता–'यह उनकी गेंदबाजी पर असर डालेगा'

पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने इस फैसले को गलत ठहराते हुए साफ कहा कि सुंदर को टॉप ऑर्डर में भेजना उनकी गेंदबाजी क्षमता पर बड़ा असर डाल सकता है।

कार्तिक ने कहा:'अगर आप सुंदर को नंबर-3 भेज रहे हैं, तो आप उन्हें बता रहे हैं कि अब उन्हें बल्लेबाजी पर ज़्यादा ध्यान देना होगा। जैसे-जैसे वह बैटिंग पर समय देंगे, उनकी गेंदबाजी की प्रैक्टिस घटेगी–और दोनों में टॉप पर रहना शारीरिक रूप से संभव नहीं है।' उन्होंने यह भी कहा कि लंबे वक्त में यह फैसला उनके गेंदबाजी कौशल को नुकसान पहुंचा सकता है।

### सुंदर की नई भूमिका पर उठे सवाल

सुंदर ने साई सुदर्शन की जगह नंबर-3 बल्लेबाज़ की भूमिका निभाई थी। हालांकि यह पोजीशन आमतौर पर टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज़ की होती है। सुंदर ने सीमित ओवर



क्रिकेट में अपनी बल्लेबाजी क्षमता दिखाई है, लेकिन टेस्ट में यह भूमिका उनके लिए नई और चुनौतीपूर्ण है। दूसरे टेस्ट (22 नवंबर, गुवाहाटी) में वह उसी स्थान पर खेलेंगे या नहीं, यह अभी बड़ा सवाल बना हुआ है।

# माइकल फेल्प्स हैं विश्व के सबसे सफल तैराक, ओलंपिक में जीते हैं कुल 28 पदक

नई दिल्ली।तैराकी आज ओलंपिक सहित कई खेलों का अहम हिस्सा है जबकि पहले के समय में किसी ने इसकी कल्पना नहीं की थी कि इसे भी खेलों में जगह मिलेगी। ओलंपिक खेलों में अमेरिका के माइकल फेल्प्स विश्व के सबसे सफल तैराक हैं।फेल्प्स ने ओलंपिक में कुल 28 पदक जीते हैं, जिनमें 23 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं।वह न सिर्फ तैराकी में बल्कि किसी भी इवेंट में ओलंपिक इतिहास के सबसे



सफल और सबसे ज्यादा पदक जीतने वाले एथलीट हैं। तैराकी स्पर्धा की सबसे अधिक सुविधा संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, और सिंगापुर में हैं ।सिंगापुर ने रियो ओलंपिक में तैराकी में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा, स्वीडन, नीदरलैंड, नॉर्वे, और फिनलैंड में भी तैराकी काफी लोकप्रिय है।वहीं भारत की बात की जाये तो अभी वह काफी पीछे हैं।देश में स्विमिंग पूल की कमी, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, प्रमुख बाधा है। स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया नियमित रूप से राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करता है पर अभी ये पर्याप्त नहीं कही जा सकती हैं।अगर तैराकी के यहां तक के सफल पर नजर डालें तो प्राचीन मिस्र, यूनान और रोम में तैराकी सैन्य प्रशिक्षण, मनोरंजन और स्वास्थ्य का हिस्सा थी।वहीं इसके बाद 19वीं सदी में ब्रिटेन में तैराकी क्लब बने। धीरे–धीरे तैराकी का विकास एक खेल के रूप में हुआ और इसे 1896 के ओलंपिक में शामिल किया गया।महिला तैराकों को ओलंपिक में पहली बार भाग लेने का अवसर 1912 से मिला।20वीं सदी में तकनीकी प्रगति हुई।फ्लिपर्स, गॉगल्स और स्पीडो सूट जैसे उपकरण आए।फेडरेशन इंटरनेशनल डी नेटेशन की स्थापना 1908 में हुई, जो नियम निर्धारित करती है।समय के साथ तैराकी में फ्रीस्टाइल, बैकस्ट्रोक, ब्रेस्टस्ट्रोक और बटरफ्लाई शैलियां विकसित हुईं। 1896 ओलंपिक से शुरू हुआ तैराकी का वैश्विक सफर 2024 ओलंपिक तक एक समृद्ध विरासत के रूप में विकसित हो गया है। आज तैराकी को खेल के साथ–साथ फिटनेस के नजरिये से भी बेहद अहम माना जाता है।

# कोई भी बाहर बैठे, दक्षिण अफ्रीका जीत का रास्ता ढूंढ लेगा: कागिसो रबाडा



**कोलकाता (एजेंसी)।** पसलियों में चोट के कारण भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से बाहर रहे दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा अपनी टीम की असफलताओं से उबरने और किसी भी खिलाड़ी के नहीं खेल पाने के बावजूद जीत का रास्ता तलाशने की क्षमता से काफी प्रभावित हैं।

मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेता दक्षिण अफ्रीका की टीम ने रविवार को यहां पहले टेस्ट मैच में भारत को तीन दिन के अंदर 30 रन से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका की यह पिछले 15 साल में भारतीय धरती पर पहली जीत थी जिससे उसने दो मैच की श्रृंखला में 1-0 की अजेय बढ़त बना ली।

रबाडा ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन बाहर बैठता है, हम तब भी जीतने का एक तरीका ढूंढ लेंगे। (कप्तान) तेम्बा (बावुमा) ने हमारे लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है लेकिन वह प्रत्येक मैच में नहीं खेल पाए। मैं भी इस मैच में नहीं खेल पाया था।'

बावुमा चोटिल होने के कारण पाकिस्तान में दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाने के बाद अंतिम एकादश में लौटे हैं। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ पहला मैच गंवाने के बाद शानदार वापसी करके श्रृंखला 1-1 से बराबर कराई थी। रबाडा ने कहा, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जो भी मैदान पर उतरेगा, हमारा मानना है कि वह अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा सकता है।'

दक्षिण अफ्रीका यहां के असमान उछाल और टर्न लेने वाले विकेट पर जीत हासिल करने में सफल रहा। रबाडा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन की सराहना की, जिसमें कप्तान बावुमा की दूसरी पारी में खेली गई 55 रन की पारी भी शामिल है। रबाडा ने कहा, 'पहली पारी में एडेन (मार्करम) और (रयान) रिकेल्टन ने हमें अच्छी शुरुआत दी। उन्होंने लय बनाई। मार्को (यानसन) ने अच्छा प्रदर्शन किया। बोस्ची (कॉर्बिन बॉश) अहम मौकों पर डटे रहे। सभी ने योगदान दिया और यही इस टीम की विशेषता है।'

अभी तक यह सुनिश्चित नहीं है कि रबाडा 22 नवंबर से गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में खेल पाएंगे या नहीं। रबाडा ने कहा कि कोलकाता में कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में मिली जीत इस सत्र में दक्षिण अफ्रीका की सर्वश्रेष्ठ तीन जीत में शामिल है। उन्होंने कहा, '(यह जीत) निश्चित रूप से शीर्ष पर है। इस सत्र में हमने जिस तरह की जीत हासिल की है, उसके आधार पर यह कहना मुश्किल है, क्योंकि हमने कुछ शानदार जीत हासिल की हैं, लेकिन यह जीत निश्चित रूप से शीर्ष तीन में है।'

## अक्टूबर में आईपीओ बाजार में म्यूचुअल फंड्स का निवेश 13,500 करोड़ पार




**कुल 10 प्रमुख आईपीओ ने सामूहिक रूप से 45,000 करोड़ से अधिक जुटाए**

**नई दिल्ली** अक्टूबर का महीना आईपीओ बाजार के लिए बेहद सफल रहा। इस दौरान कुल 10 प्रमुख पब्लिक इश्यू लॉन्च हुए, जिनसे सामूहिक रूप से 45,000 करोड़ रुपए से अधिक जुटाए गए। निवेशकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया देखने को मिली, खासकर म्यूचुअल फंड्स ने इस बाजार में सक्रिय भूमिका निभाई। म्यूचुअल फंड्स ने इन 10 आईपीओ में कुल 13,500 करोड़ रुपए का निवेश किया। सबसे अधिक रुचि केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस में रही, जहां 2,518 करोड़ रुपए के इश्यू का लगभग 71 प्रतिशत म्यूचुअल फंड्स ने सब्सक्राइब किया। मिडवेस्ट और केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट ने भी लगभग 55 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की। रूबिकॉन रिसर्च को 50 प्रतिशत म्यूचुअल फंड सब्सक्रिप्शन मिला। वहीं एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया और वीवर्क इंडिया मैनेजमेंट को क्रमशः 45 प्रतिशत निवेश प्राप्त हुआ। म्यूचुअल फंड्स की सक्रिय भागीदारी ने अक्टूबर के आईपीओ बाजार को मजबूती दी और निवेशकों के विश्वास का संकेत दिया।

## आंध्र प्रदेश में 2,500 करोड़ से एआई संचालित जलीय कृषि पार्क स्थापित होगा

**किंग्स इन्फा ने एक्वाकल्चर टेक पार्क के लिए किया समझौता**

**नई दिल्ली** किंग्स इंफ्रा वेंचर्स लिमिटेड ने सोमवार को आंध्र प्रदेश सरकार के साथ श्रीकाकुलम के पास 2,500 करोड़ रुपये की लागत से जलीय कृषि प्रौद्योगिकी पार्क विकसित करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह भारत का पहला एआई संचालित जलीय कृषि पार्क होगा, जो राज्य को टिकाऊ समुद्री खाद्य उत्पादन में तकनीकी अग्रणी बनाएगा। पार्क 500 एकड़ में फैलेगा। किंग्स इंफ्रा सीधे बुनियादी ढांचा, प्रसंस्करण और अनुसंधान एवं विकास में 500 करोड़ रुपये निवेश करेगी। इसके अलावा सहायक उद्योग, छोटे व्यवसाय और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं से 2,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश अपेक्षित है। किंग्स इंफ्रा के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि यह पार्क समुद्री अर्थव्यवस्था के नए अवसर खोलेगा, रोजगार सृजन करेगा और खाद्य उत्पादन के वैश्विक मानक स्थापित करेगा। राज्य के एमएसएमई मंत्री कोंडापल्ली श्रीनिवास ने कहा कि सरकार भूमि की पहचान और सभी आवश्यक स्वीकृतियों के लिए एकल-खिड़की प्रणाली प्रदान करेगी। आंध्र प्रदेश वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा जलीय कृषि उत्पादक राज्य है।

## सरकार ने प्लैटिनम' आभूषणों के आयात पर लगाया प्रतिबंध



**डीजीएफटी से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा**

**नई दिल्ली** सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि अब प्लैटिनम' आभूषणों का आयात तत्काल प्रभाव से 30 अप्रैल 2026 तक प्रतिबंधित कर दिया गया है। इससे पहले ये आभूषण आयात के लिए माफी (मुक्त) थे। अब आयातक इन वस्तुओं को लाने के लिए डीजीएफटी से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। सरकार ने सितंबर 2025 में कुछ चांदी के आभूषणों के आयात पर 31 मार्च 2026 तक प्रतिबंध लगा दिया था। इसका उद्देश्य थाईलैंड से बिना जड़ाऊ चांदी के आयात को रोकना था। भारत का आसियान मुक्त व्यापार समझौता थाईलैंड समेत 10 राष्ट्रों के साथ है। यह कदम घरेलू उद्योग की सुरक्षा और अवैध आयात पर नियंत्रण सुनिश्चित करेगा।

# भारत में डीपीडीपी नए नियम, कंपनियों की डेटा सुरक्षा लागत बढ़ेगी

**नए नियमों के तहत कंपनियों को सभी उपयोगकर्ताओं के डेटा की मैपिंग करनी होगी**

**नई दिल्ली**

भारत में डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा (डीपीडीपी) अधिनियम के नए नियम 14 नवंबर को अधिसूचित हो गए हैं, जो कंपनियों के लिए डेटा प्रबंधन और सुरक्षा प्रक्रिया को मजबूत बनाने पर केंद्रित हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इन नियमों से अगले 18 महीनों में कंपनियों की परिचालन लागत बढ़ सकती है। नए नियमों के तहत कंपनियों को सभी उपयोगकर्ताओं के डेटा की मैपिंग करनी होगी, सहमति प्रबंधन प्रणाली लागू करनी होगी और डेटा सुरक्षा अधिकारी नियुक्त करना होगा। इसके अलावा कंपनियों को डेटा प्रिंसिपल अधिकारों को सक्षम करने वाले उपाय भी लागू करने होंगे। नियमों के अनुसार, कंपनियों को नवंबर 2026 तक डेटा संरक्षण और सहमति प्रबंधन तंत्र तैयार करना होगा और मई 2027 तक डेटा मैपिंग व व्यक्तिगत सहमति तंत्र लागू करना होगा। उद्योग विशेषज्ञों ने यूरोप के जीडीपीआर अनुभव का हवाला देते हुए बताया कि वहां कंपनियों को 2,50,000 डॉलर से 1 करोड़



डॉलर तक का खर्च उठाना पड़ा। भारत में यह लागत कंपनी के आकार और डेटा की मात्रा पर निर्भर करेगी।

## प्रैक्सिस होम रिटेल ने तिमाही में दर्ज किया 81 करोड़ का मुनाफा

**कंपनी की प्रति शेयर आय 4.38 रुपए रही**

**नई दिल्ली** प्रैक्सिस होम रिटेल ने जुलाई-सितंबर 2025 की तिमाही में 81 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया है। कंपनी की प्रति शेयर आय इस दौरान 4.38 रुपए रही। उल्लेखनीय है कि पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी को *3 करोड़ रुपए का घाटा और अप्रैल-जून 2025 में 16 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। कंपनी ने इस वर्ष पूरी तरह ऋण मुक्त होने की उपलब्धि हासिल की, जो इसकी वित्तीय मजबूती और स्वतंत्रता को दर्शाती है। कंपनी के एक अे धिकारी ने कहा कि यह रिकॉर्ड मुनाफा और ऋण-मुक्त स्थिति कंपनी की रणनीतिक और परिचालन सुधारों की सफलता को साबित करती है। उन्होंने आगे कहा कि मजबूत प्रबंधन और प्रतिबद्ध शेयरधारकों के साथ कंपनी अपनी पूरी क्षमता का दोहन कर सभी हितधारकों के लिए स्थायी मूल्य प्रदान करने के लिए तैयार है।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज दूसरी छमाही में 22,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां बिक्री के लिए पेश करेगी



**मुंबई** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज मजबूत उपभोक्ता मांग का लाभ उठाने के लिए चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में करीब 22,000 करोड़ रुपये मूल्य की आवासीय इकाइयां बिक्री के लिए पेश करेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में गोदरेज प्रॉपर्टीज के कार्यकारी अध्यक्ष पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि कंपनी ने अनुमान लगाया है कि वह वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 40,000 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां पेश करेगी और लगभग 32,500 करोड़ रुपये मूल्य की इकाइयां बेचेगी। उन्होंने कहा, ''हमने इस वित्त वर्ष के पहले छह महीनों के दौरान 18,600 करोड़ रुपये की संपत्तियां पेश की हैं। हमारी बिक्री बुकिंग लगभग 15,600 करोड़ रुपये की रही। मूलतः हमने पेशकश मार्गदर्शन का 47 प्रतिशत और बुकिंग मूल्य लक्ष्य का 48 प्रतिशत हासिल किया। और आमतौर पर दोनों ही दूसरी छमाही पर केंद्रित होते हैं। इसलिए, मैं कहूंगा कि हम इन दोनों संख्याओं को पूरा करने या उससे आगे निकलने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।'' पिरोजशा ने कहा कि मुंबई के वर्ली में उनकी आवासीय परियोजना का शुभारंभ हो रहा है और मार्च के अंत तक बांद्रा में भी एक नई परियोजना शुरू होने की उम्मीद है। वर्तमान आवासीय बाजार परिदृश्य के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि समग्र बाजार अच्छी स्थिति में है। मांग का माहौल अभी भी काफी आकर्षक बना हुआ है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 388 , निफ्टी 103 अंक ऊपर आया**

**मुंबई**




भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 388.17 अंक बढ़कर 84,950.95 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 103.40 अंक ऊपर आकर 26,013.45 पर बंद हुआ। आज बैंकिंग शेयरों की तेजी से बाजार पर प्रभाव पड़ा । निफ्टी बैंक 445.15 अंक उछलकर अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 58,962.70 पर बंद हुआ है। दिन के दौरान निफ्टी बैंक 59,001.55 के शीर्ष स्तर पर पहुंचा।

वहीं सेंसेक्स पैक में मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा बैंक, एमएंडएम, टेक महिंद्रा, टाइटन, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, सन फार्मा, एक्सिस बैंक और एसबीआई के शेयर लाभ में रहे थे जबकि अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, बीईएल, टाटा स्टील, आईटीसी, टीसीएस और एचयूएल के शेयर नुकसान में रहे।

सेक्टोरल आधार पर निफ्टी पीएसयू बैंक ,निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी इन्फ्रा , निफ्टी सर्विसेज , निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स , निफ्टी ऑयल एंड गैस और निफ्टी रियल्टी के शेयर बढ़त पर बंद हुए।

लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बढ़त रही।

इससे पहले आज सुबह एशियाई बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच सप्ताह के पहले कारोबारी दिन बाजार की शुरुआत सकारात्मक हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 84,700 अंक पर खुला। इसी तरह एनएसई निफ्टी-भी मजबूती के साथ 25,948 अंक पर खुला। अमेरिकी सरकार के दोबारा पूरी तरह खुलने की उम्मीद ने भी वैश्विक निवेशकों की धारणा को सकारात्मक बनाया। वहीं एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख देखा गया। जापान का निक्की इंडेक्स 0.18 फीसदी गिरा और टॉपिक्स इंडेक्स 0.44 फीसदी नीचे रहा। पिछले शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट के इंडेक्स में भी मिलाजुला प्रदर्शन रहा। एसएंडपी 500 0.05 फीसदी गिरा, डाओ जोंस 0.65 फीसदी नीचे गया, जबकि नेस्डेक 0.13 फीसदी बढ़ा।

# सहारा समूह की संपत्ति बिक्री याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह के लिए टली

**कंपनी ने अपनी 88 प्रमुख संपत्तियों को अदाणी प्रॉपर्टीज को बेचने की अनुमति मांगी थी**

**नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सहारा इंडिया कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की उस याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह के लिए टाल दी जिसमें कंपनी ने अपनी 88 प्रमुख संपत्तियों को अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की अनुमति मांगी थी। इस मामले की सुनवाई प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की पीठ कर रही है। न्यायालय ने केंद्र से कहा कि वह वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर नफड़े द्वारा प्रस्तुत न्यायमित्र के अभिवेदन पर अपना जवाब दाखिल करे। नफड़े ने अदालत को बताया कि सहारा द्वारा बेची जा रही संपत्तियों के संबंध में कई आपत्तियां आई हैं, जिनमें विशेष रूप से 34 संपत्तियों पर गंभीर विवाद है। सहारा समूह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायालय को बताया कि कई संपत्तियां जाली दस्तावेज़ों के आधार पर बेची या पट्टे पर दी गई हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि यह मंच इन दस्तावेजों की वैधता की जांच के लिए उपयुक्त नहीं है और इस संबंध में केवल अधीनस्थ अदालत या गठित समिति ही निर्णय ले सकती है। प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा कि सरकार को अपना जवाब दाखिल करने दिया जाए और उसके बाद अदालत इन मुद्दों पर विचार करेगी। पीठ ने सहारा की याचिका के साथ-साथ न्यायमित्र के अभिवेदन पर भी केंद्र से जवाब मांगा। अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद होगी। गौरतलब है कि 14




अक्टूबर को सर्वोच्च न्यायालय ने सहारा की याचिका पर केंद्र, सेबी और अन्य हितधारकों से जवाब मांगा था। सहारा समूह अपनी संपत्तियों को अदाणी समूह को बेचने के लिए अनुमति चाहता है, जबकि विभिन्न पक्षों ने इस सौदे के संबंध में आपत्तियां उठाई हैं।

## पेट्रोल-डीजल पटना और गुरुग्राम में सस्ता हुआ

**अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में पिछले दिनों आई गिरावट का असर**



**नई दिल्ली** सरकारी तेल कंपनियों ने सोमवार सुबह पेट्रोल और डीजल के ताज़ा खुदरा दाम जारी कर दिए। अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में पिछले दिनों आई गिरावट का असर देश के कई शहरों में साफ देखा गया। पटना में पेट्रोल की कीमत 53 पैसे घटकर 105.58 रुपए और डीजल 91.82 रुपए प्रति लीटर हो गई। गुरुग्राम में पेट्रोल 24 पैसे सस्ता होकर 95.12 रुपए और डीजल 23 पैसे गिरकर 87.59 रुपए पर आ गया। जयपुर में पेट्रोल 104.72 रुपए और डीजल 90.21 प्रति लीटर बिक रहा है। बिहार में चुनाव समाप्त होने के बाद ईंधन दरों में लगातार नरमी दर्ज की जा रही है। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए, डीजल 87.62 रुपए प्रति लिटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44, डीजल 89.97 रुपए प्रति लिटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.76, डीजल 92.35 रुपए प्रति लिटर और कोलकाता में पेट्रोल 104.95, डीजल 91.76 रुपए प्रति लिटर मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड फिसलकर 63.80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 59.47 डॉलर प्रे ति बैरल पर पहुंच गया है।

# इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में आत्मनिर्भरत बनेगा भारत

**अश्विनी वैष्णव ने पेश किया रोडमैप, डिजाइन और गुणवत्ता पर आधार**

**नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के अगले चरण के लिए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप प्रस्तुत किया, जिसमें उद्योग से मज़बूत डिज़ाइन टीम, सिक्स सिग्मा गुणवत्ता और आत्मनिर्भर घरेलू आपूर्ति श्रृंखलाओं पर ज़ोर देने का आह्वान किया गया है। यह पहल भारत को एक प्रमुख वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र बनाने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है।केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण विकास के अगले चरण के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया और उद्योग जगत के नेताओं से तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने पर ज़ोर दिया, जहाँ उन्हें अग्रणी भूमिका निभानी होगी। उद्योग जगत के सदस्यों से उनकी तीन प्रमुख माँगें थीं- मज़बूत डिज़ाइन टीम बनाना, सिक्स सिग्मा गुणवत्ता हासिल करना और आत्मनिर्भरता पहल के तहत घरेलू आपूर्ति श्रृंखलाओं को मज़बूत बनाना। आईसीईए द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के सदस्यों और अन्य हितधारकों को संबोधित करते हुए, मंत्री ने कहा कि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में तेज़ी से हुई प्रगति ने आलोचकों का मुँह बंद कर दिया है। मंत्री ने कहा कि कई लोग विरोध कर रहे थे, और अब वे विरोध करने वाले गलत साबित हुए हैं। आपने रास्ता दिखाया है कि कैसे यह देश एक प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र बनेगा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण विकास के



अगले चरण के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया और उद्योग जगत के नेताओं से तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने पर ज़ोर दिया, जहाँ उन्हें अग्रणी भूमिका निभानी होगी।

## ब्लूस्मार्ट की 4,000 इलेक्ट्रिक कारें जल्द दिल्ली-एनसीआर में दौड़ेंगी

**सिग्नोड्राइव ने जेनसोल की कारों का अधिग्रहण किया**



**नई दिल्ली**

नोएडा की कंपनी सिग्नोड्राइव टेक्नोलाजी पीवीटी. ने दिवालिया हुई जेनसोल इंजी रिये रिंग लिमिटेड (जेनसोल) की 4,000 इलेक्ट्रिक कारों को 24 महीने के लिए लीज पर लेने का सौदा किया है। इस अवधि में 18 महीने का लॉक-इन पीरियड होगा, जिसका मतलब है कि कंपनी इस दौरान सौदे से पीछे नहीं हट सकती। जेनसोल के प्रवर्तकों ने फंड का गलत इस्तेमाल किया, जिसके कारण कंपनी अपने लोन का भुगतान नहीं कर सकी और दिवालिया हो गई। सेबी ने दोनों प्रवर्तकों को कंपनी से बाहर कर दिया और उन्हें किसी भी प्रकार के प्रबंधन में दखल से रोक दिया। जेनसोल पर लगभग 500 करोड़ रुपये का लोन डिफॉल्ट दर्ज है। सिग्नोड्राइव इन कारों को बी2सी (बिजनेस टू कंज्यूमर) मॉडल पर चलाने की योजना बना रही है। इसके लिए वह रेपिडो जैसे ऑनलाइन कैब प्लेटफॉर्म के साथ करार कर सकती है। कारें पूरी तरह से इलेक्ट्रिक हैं, और ऑपरेशन वैल्यू प्रति कार 16,000 रुपए प्रति माह तय की गई है, जिससे मासिक कमाई लगभग 154 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। जेनसोल की 4,000 कारें अप्रैल से खड़ी हैं। तीन कंपनियों ने इस फ्लीट पर बोली लगाई थी, जिसमें सिग्नोड्राइव की बोली सबसे अधिक थी। कंपनी के पास पहले से ही ई-टैक्सी स्टार्टअप ईवार का मालिकाना हक है। वित्त वर्ष 2025 में कंपनी की ऑपरेशन इनकम 20 करोड़ थी, जो चालू वित्त वर्ष में 45-50 करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है।

कंपनी को बीबी स्टेबल रेटिंग मिली है और बैंक फैसिलिटी 12 करोड़ रुपए है।

इस अधिग्रहण से सिग्नोड्राइव दिल्ली-एनसीआर में इलेक्ट्रिक कैब सेवा शुरू कर बड़े पैमाने पर विस्तार कर सकेगी और अपनी मासिक कमाई में महत्वपूर्ण इजाफा कर सकती है।

## एसयू-30एमकेआई को हवा में अजेय बनाते हैं उसके छोटे पंख



**नई दिल्ली**

भारतीय वायुसेना का घातक विमान एसयू-30एमकेआई की असली ताकत सिर्फ उसके इंजन या मिसाइलों में नहीं, बल्कि उन छोटे-छोटे पंखों कानार्डस में छिपी है जो उसके कॉकपिट के पास लगे होते हैं। इनकी भूमिका इतनी अहम है कि यही एसयू-30एमकेआई को हवा में अजेय बनाते हैं। कानार्डस एक छोटा सहायक पंख होता है जो विमान के मुख्य पंखों से आगे लगाया जाता है।

इसका काम उड़ान के दौरान स्थिरता और नियंत्रण बढ़ाना होता है। सामान्य फाइटर जेट अपने पीछे के फ्लैप्स और रडर से दिशा बदलते हैं, जबकि कानार्डस हवा के दबाव को संतुलित रखकर विमान को तेज़ी से मोड़ने या झुकाने में मदद करते हैं। एसयू-30एमकेआई के कानार्डस विशेष रूप से इस तरह डिज़ाइन किए गए हैं कि वे विमान की लिफ्ट यानी उठान बढ़ाते हैं और ड्रैग यानी हवा की रुकावट घटाते हैं।

इसी वजह से यह जेट ऊँचाई पर भी स्थिर रहकर बेहद फुर्ती से दिशा बदल सकता है। एसयू-30एमकेआई में थ्रस्ट वेक्टर कंट्रोल और कानार्डस का संयोजन इसे सुपरमान्यूवरेबल बनाता है। यानी यह हवा में किसी भी दिशा में घूम सकता है, अचानक रुक सकता है या लगभग सीधा खड़ा होकर भी संतुलन बनाए रख सकता है। यही तकनीक कोबरा मान्यूवेर और कुलबीट जैसे शानदार हवाई करतबों को संभव बनाती है, जिनसे दुश्मन अक्सर चौंक जाते हैं। इन करतबों के दौरान कानार्डस विमान को गिरने या असंतुलित होने से बचाते हैं जिससे पायलट को नियंत्रण बनाए रखने में मदद मिलती है। ये कानार्डस न केवल उड़ान के दौरान बल्कि मिसाइल फायरिंग के समय भी विमान को स्थिर रखते हैं।


जब पायलट एक साथ कई लक्ष्य पर वार करता है, तब ये पंख विमान को अपने कोर्स पर बनाए रखते हैं। यही कारण है कि एसयू-30एमकेआई हवा और जमीन दोनों पर समान रूप से प्रभावी है।

# भारत ने अमेरिका से एलपीजी आयात के लिए किया समझौता

**जनता को सुरक्षित और किफायती गैस उपलब्ध होगी**

**नई दिल्ली**

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को ऐलान किया कि भारत ने पहली बार अमेरिकी एलपीजी से जुड़ा लॉन्ग-टर्म कांट्रैक्ट किया है। इस डील के तहत इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम अमेरिका से लगभग 2.2 मिलियन टन एलपीजी आयात करेंगे, जो देश के वार्षिक एलपीजी आयात का लगभग 10 प्रतिशत है। पुरी ने इसे ऐतिहासिक पहल बताया और कहा कि इससे एलपीजी सोर्सिंग में विविधता आएगी और आम जनता को सुरक्षित और किफायती गैस उपलब्ध रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि वैश्विक बाजार में एलपीजी की कीमतों में पिछले साल 60 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई थी, लेकिन प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति सिलेंडर केवल 500-550 रुपये का भुगतान करना पड़ा। अमेरिका से एलपीजी आयात करने से भारत की घरेलू आपूर्ति मजबूत होगी, बाजार में कीमतों में स्थिरता आएगी और सिलेंडर की कमी नहीं होगी।



## फरहान अख्तर ने बताया फिल्म 120 बहादुर ने कैसे बदला उनका नजरिया

**फिल्म 'लक्ष्य' को फरहान अख्तर ने निर्देशित किया था, इस फिल्म ने सेना की अहमियत और देशभक्ति के मायने लोगों को समझाए थे। अब फरहान अख्तर बतौर एक्टर फिल्म '120 बहादुर' में काम कर रहे हैं। जल्द यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसी फिल्म से जुड़े एक इंटरव्यू में फरहान अख्तर ने असल देशभक्ति के मायने बताए।**

### फरहान की नजर में क्या है देशभक्ति

जस्ट टू फिल्मी को दिए गए इंटरव्यू में फरहान अख्तर कहते हैं, 'देशभक्ति बहुत खूबसूरत अहसास है, लेकिन अंधराष्ट्रवाद बहुत बुरी चीज है। मेरा मानना है कि जब हमारे सैनिक पूरी ईमानदारी से अपना काम करते हैं, तो उनको कुछ कहने की जरूरत नहीं होती है। उनके काम, फैसले ही देशभक्ति को, देश के लिए वफादारी को दिखाते हैं। हमारी फिल्म भी ऐसी ही सच्चाई को बयां करती है।'

### '120 बहादुर' से क्या सीखा?

फरहान अख्तर इंटरव्यू में आगे कहते हैं, 'जब मैं फिल्म की तैयारियों के लिए मेजर शैतान सिंह के बेटे से मिला तो उन्होंने बताया कि वह हमेशा मुस्कुराते रहते थे। यहां तक कि मुश्किल वक्त में भी उनके चेहरे पर मुस्कान रहती थी। इससे उनकी नेचर और लीडरशिप क्वालिटी के बारे में पता चला।' फरहान ने आगे कहा, 'हमारी फिल्म की कहानी बहुत कुछ सिखाती है। '120 बहादुर' बताती है कि कोई भी लड़ाई अकेले नहीं जीती जाती है। सही लीडरशिप और साथ मिलकर दिखाए गए साहस से ऐसा मुमकिन होता है।'

### क्या है फिल्म की कहानी?

फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' की कहानी 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित है। इस लड़ाई में 13 कुमाऊं रेजिमेंट के लगभग 120 भारतीय सैनिकों ने मेजर शैतान सिंह भाटी के नेतृत्व में 3,000 से अधिक चीनी सैनिकों का बहादुरी से सामना किया था। अंतिम सांस तक अपनी चौकी की रक्षा की। फिल्म में फरहान मेजर शैतान सिंह भाटी के किरदार में ही नजर आएंगे। यह फिल्म 21 नवंबर को रिलीज होने वाली है।



# मां बनने के बाद बदलीं हैं कई चीजें

**अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम की मांग करने के बाद इंडस्ट्री में एक बहस लगातार छिड़ी है। हालांकि, इसके बाद दीपिका के हाथ से 'स्पिरिट' और 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल जैसी बड़ी फिल्में भी चली गईं। लेकिन दीपिका अपनी अपनी मांग पर कायम हैं और उन्हें इंडस्ट्री के भी कई लोगों का समर्थन मिला है। दीपिका ने ये फैसला अपनी बेटी दुआ के होने के बाद लिया है।**


### जरूरत से ज्यादा काम करने को हमने सामान्य बना दिया

दीपिका का कहना है कि नई मांओं को काम पर लौटने के लिए सहयोग की जरूरत होती है। इसी वजह से उन्होंने ऐसा फैसला लिया है। हार्पर बाजार इंडिया के साथ बातचीत में अपने रुख को स्पष्ट करते हुए दीपिका ने कहा कि हमने जरूरत से ज्यादा काम करना सामान्य मान लिया है। हम थकान को प्रतिबद्धता समझने की भूल करते हैं। इंसान के शरीर और दिमाग के लिए दिन में आठ घंटे काम करना काफी है। मैं इसी पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हूं। सिर्फ स्वस्थ रहने पर ही आप अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं। एक थके हुए व्यक्ति को वापस काम पर लाने से किसी को कोई फायदा नहीं होता। मेरे अपने ऑफिस में हम सोमवार से शुक्रवार तक दिन में आठ घंटे काम करते हैं। हमारे यहां मैटरनिटी और पेटरनिटी को लेकर नीतियां हैं। हमें बच्चों को काम पर लाना सामान्य बनाना चाहिए।

मां बनने के बाद बदलीं प्राथमिकताएं बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने बताया कि कैसे मां बनने के बाद उनकी प्राथमिकता बदल गई हैं। उन्होंने कहा कि आज मेरे लिए सफलता शारीरिक और इमोशनल रूप से फिट रहना है। समय हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। मैं इसे कैसे खर्च करती हूं, किसके साथ खर्च करती हूं। यह तय करने की आजादी होना ही मेरे लिए सबसे बड़ी सफलता है।

### 'किंग' में शाहरुख के साथ नजर आएंगी दीपिका

वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म में वो शाहरुख खान के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा उनके पास एटली और अल्लू अर्जुन की आगामी फिल्म भी है। यह एक बड़े बजट की फिल्म है। फिल्म को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।



# राजकुमार राव और पत्रलेखा के घर आई नन्हीं परी

अभिनेता राजकुमार राव और उनकी पत्नी पत्रलेखा के घर नन्हीं परी का आगमन हुआ है। पत्रलेखा ने बेबी गर्ल को जन्म दिया है। राजकुमार राव ने सुबह-सुबह ही ये गुड न्यूज अपने फैंस के साथ सोशल मीडिया के जरिए शेयर की है। फैंस कपल को ढेर सारी बधाइयां दे रहे हैं। राजकुमार राव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्टर में एक बेबी यूनिकॉर्न बना है और उस पर लिखा है, आज हम खुद को चांद से भी परे महसूस कर रहे हैं, क्योंकि आशीर्वाद के रूप में हमारे घर बेबी गर्ल आई है। उन्होंने फोटो के कैप्शन में लिखा, भगवान ने हमें हमारी चौथी शादी की सालगिरह पर सबसे बड़ा आशीर्वाद दिया है। बता दें कि 15 नवंबर 2021 को राजकुमार राव और पत्रलेखा ने एक निजी समारोह में चंडीगढ़ में शादी की थी। शादी में परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। राजकुमार राव और पत्रलेखा 11 साल के लंबे रिश्ते के बाद शादी के बंधन में बंधे थे। सोशल मीडिया पर दोनों की शादी की फोटोज ने फैंस को खुश कर दिया था। अब चार साल बाद शादी की सालगिरह पर ही उनके घर बड़ी खुशी आई है। खबर सामने आने पर बॉलीवुड स्टार्स ने भी कपल को बधाई देना शुरू कर दिया है। वरुण धवन ने पोस्ट कर कमेंट कर लिखा, आपका गर्ल क्लब में स्वागत है दोस्तों। वरुण भी बेबी गर्ल के पिता हैं। एक्टर अली फजल ने भी कमेंट कर लिखा, ओह गॉड, ये सुनकर बहुत खुशी हुई। आप दोनों खूबसूरत लोगों को बधाई। बाकी यूजर्स भी हार्ट इमोजी पोस्ट कर अपना प्यार लुटा रहे हैं। अली फजल और ऋचा चड्ढा भी बेबी गर्ल के माता-पिता हैं। इससे पहले 9 जुलाई को कपल ने सोशल मीडिया पर पहली बार प्रेग्नेंसी की खबर की जानकारी दी थी। उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर लिखा था, बेबी ऑन द वे। तभी से फैंस इस खुशखबरी का इंतजार कर रहे थे और फाइनली कपल के घर नन्हीं परी ने जन्म लिया है।

# पैपराजी की इस हरकत पर नाराज हुए अर्जुन कपूर


अर्जुन कपूर की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर नहीं चल रही हैं। वह अपनी एक्टिंग को लेकर भी ट्रोल हो चुके हैं। हाल ही में सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें दोबारा ट्रोल किया। दरअसल, एक वायरल वीडियो में अर्जुन पैपराजी पर नाराज होते दिखे। क्या है पूरा मामला?

### अर्जुन कपूर पैपराजी पर हुए गुस्सा

पैपराजी ने अर्जुन कपूर को मुंबई में एक इवेंट में स्पॉट किया। एक्टर से फोटो क्लिक करवाने को कहा था तो पोज देने के लिए तैयार हो गए। इसी बीच अचानक कुछ फैंस आकर उनके साथ फोटो क्लिक करवाने लगे। फैंस को देखकर पैपराजी चिल्लाए और अर्जुन कपूर से दूर हटने को कहने लगे। यह देखकर अर्जुन नाराज हो गए। वह पैपराजी को चुप रहने के लिए कहते दिखे। इसके बाद अर्जुन ने फैंस को फोटो दिए।

### अर्जुन कपूर अच्छे एफर्ट के बाद भी हुए ट्रोल

अर्जुन कपूर ने अपने फैंस को इंपॉर्टेंस दी और पैपराजी को चुप रहने को कहा। इसके बावजूद भी एक्टर को यूजर ने ट्रोल किया। दरअसल, यूजर्स यह मानने को तैयार नहीं है कि अर्जुन कपूर के भी फैंस हो सकते हैं। ट्रोल करने वालों ने कहा कि क्या सच में अर्जुन कपूर के फैंस हैं? कुछ यूजर्स ने कहा कि अर्जुन कपूर को उनके साथ फोटो लेनी चाहिए।



# शक्ति शालिनी से पहले अनीत देंगी बीए की परीक्षाएं

सै यारा से देश की सबसे बड़ी जेन-जी स्टार बन चुकीं अनीत पड्डा दिसंबर और जनवरी में अपने कॉलेज की फाइनल ईयर परीक्षाएं देंगी। सूत्रों के अनुसार, परीक्षाओं के तुरंत बाद वह दिनेश विजान की अगली फिल्म शक्ति शालिनी की शूटिंग शुरू करेंगी, जिसमें वह लीड रोल में हैं। अनीत पॉलिटिकल साइंस में बीए (ऑनर्स) की पढ़ाई कर रही हैं और इस समय पढ़ाई और वर्क फ्रंट को संतुलित करने में व्यस्त हैं। उनके शेड्यूल को इस तरह मैनेज किया गया है कि पढ़ाई को पूरा समय मिल सके, जबकि फिल्म का काम भी समय पर पूरा हो। सैयारा अनीत का वाईआरएफ डेब्यू था, जिसमें अहान पांडे के साथ उन्होंने अपने प्रदर्शन से इतिहास रच दिया। इसके बाद दिनेश विजान ने अपनी ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म शक्ति शालिनी के लिए अनीत को चुना। फिल्म 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी, जिससे अनीत फिर इतिहास में दर्ज हो जाएंगी, सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस जिनकी फिल्म देश के सबसे बड़े सुपरस्टार्स की तरह मेगा हॉलीडे स्लॉट में आएगी।





# मैं कह सकता हूं कि मैं बिकाऊ हो गया हूं, मुझे अच्छे पैसे मिल रहे हैं

**पंचायत के तमाम सीजन में सचिव जी के रूप में मशहूर हुए जितेंद्र आज ओटीटी के बेहतरीन एक्टर्स में गिने जाते हैं। हाल ही में भागवत चैप्टर वन -राक्षस से चर्चा में आए जितेंद्र कुमार से खास बातचीत।**

ह्रञ्ञ के बाद फिल्मों का रुख करने वाले जितेंद्र कहते हैं कि वे फिल्मों में विविध भूमिकाएं करने के इच्छुक हैं। बकौल जितेंद्र, एक तरह से मैं अपनी सीधी-सादी इमेज से निकलना चाहता था, यही वजह है कि मैंने इस फिल्म में नेगेटिव रोल करना स्वीकार किया। मुझे लगता है कि नेगेटिव किरदारों को करने के लिए एक्टर को अलग तरह का रंग मिलता है, मगर कलाकार के रूप में हर रोल में उतनी ही मेहनत लगती है। अब जैसे कोटा फैक्ट्री का टीचर हो या फिर पंचायत का सचिव जी, जोर तो उतना ही लगाना पड़ता है।

### तब लगा था रातों-रात स्टार बन जाऊंगा

अपने अभिनय सफर के बारे में जितेंद्र कुमार ने कहा, जिस दिन मैं मुंबई आया, उस दिन पहली बार मैंने कैमरा फेस किया और वो विडियो रिलीज भी हुआ। मुझे शहर में पहले दिन ही एक्टिंग का काम मिल गया था। मैं इसके लिए खुद को बहुत खुशकिस्मत मानता हूं, मगर यूट्यूब से सीरीज में आना और फिर सीरीज से फिल्मों में आने का जो सफर था, उसमें जो ट्रांजिशन थे, वो थोड़े टफ रहे। मैं वीकेंड पर ट्यूशन पढ़ाया करता था और कंस्ट्रक्शन कंपनी भी काम मैंने उसी दौरान किया है, मगर मेरे जो भी शूट हुआ करते थे, वो वीकेंड्स पर ही होते थे। मैं ट्यूशंस भी इसलिए पढ़ाया करता था कि मेरा सर्वाइवल हो सके। शुरू में तो मैं सिर्फ सीख ही रहा था कि कैमरा कैसे फेस करूं? इस क्राफ्ट को कैसे आगे बढ़ाऊं? उससे पहले तक मैंने स्टेज पर काम किया था। रंगमंच पर ही मुझे अहसास हुआ कि अभिनय में किस्मत आजमाई जा सकती है। मैं आपको बताऊं, तो मुझे दूसरे कलाकारों की तरह सालों संघर्ष नहीं करना पड़ा। मैंने जब अभिनय में किस्मत आजमाने की सोची, तो मुझे लगा था कि मैं रातों -रात स्टार बन जाऊंगा, मगर ऐसा हुआ नहीं। मैं निराश होकर वापस चला गया था, मगर वो वक्फा काफी कम था। तीन महीने बाद मैंने एक साल बाहर जॉब किया।

### नौकरी करते हुए महसूस हुआ कि मुझे मेरी मेहनत का फल मिल रहा है

जितेंद्र कुमार की प्राइज मनी काफी चर्चा में रही है कि अब वे अच्छा-खासा मेहनताना ले रहे हैं। इस पर वे हंसते हुए कहते हैं, लोगों ने तो वाशिंगटन के वाइट हाउस को मेरा घर बता कर पब्लिश किया है। वो फोटो देख कर समझ में आ जाना चाहिए कि मुझे कितना ज्यादा पैसा मिल रहा होगा? मजाक की बात छोड़ दी जाए, तो हां, मैं खुश हूं, मुझे मेरी प्राइज मनी मिल रही है। मैं जितना डिजर्व करता हूं मिल रहा है। मैं कलाकार के रूप में हमेशा से मानता हूं कि अगर आपका काम अच्छा है और वो ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचता है, तो उसका परिणाम आपको मिलता है और ये मेरा मेहनताना उसी का फल है। दूसरे लफ्जों में कहूं, तो आपका काम बिकाऊ हो जाता है, तो मैं कह सकता हूं कि मैं बिकाऊ हो गया हूं, मुझे अच्छे पैसे मिल रहे हैं।

### हर किरदार के लिए जान लगानी पड़ती है

यूट्यूब के बाद ओटीटी और उसके बाद शुभ मंगल ज़्यादा सावधान और भागवत चैप्टर वन- राक्षस जैसी फिल्मों में नजर आने वाले जितेंद्र ओटीटी और फिल्मों के बीच के ट्रांजिशन के बारे में कहते हैं, मुझे लगता है कि लोग थिएटर आएंगे या नहीं ये एक्टर और ऑडियंस के रिश्ते पर निर्भर करता है। अगर कोई एक्टर दर्शकों को सिनेमा हॉल तक लाने में कामयाब है, तो फिर चाहे वो किसी भी माध्यम का कलाकर हो, फर्क नहीं पड़ता। हां, ओटीटी और फिल्मों में कहानी कहने का ढंग काफी अलग होता है। सीरीज में आप कहानी की डिटेलिंग कर सकते हैं, सिनेमा में काम समय में प्रभाव जमाना होता है। मगर जहां तक अभिनेता के नजरिए की बात है, तो जैसे ही एक्शन बोला जाता है, एक्टर को वो मोमेंट क्रिएट करना होता है।

### मुंबई की तरह दूसरी जगहों में आप बिंदास होकर नहीं घूम सकते

हाल ही में जितेंद्र भागवत चैप्टर वन- राक्षस में एक ऐसी नकारात्मक भूमिका में नजर आए, जो महिलाओं को अपने प्रेम जाल का शिकार बना कर उन्हें मार डालता है। उनसे जब महिलाओं से जुड़ी सबसे बड़ी समस्या के बारे में पूछा जाता है, तो वे कहते हैं, सबसे बड़ी समस्या तो सुरक्षा की ही है। मुझे नहीं लगता कि बड़े शहर और छोटे शहर की बात है। मैं मानता हूं कि गिने -चुने शहर ही ऐसे हैं, जो पूरी तरह से सेफ हैं। पूरे देश में वो डर इतना अंदर तक घुसा हुआ है कि महिलाएं तो खुद को असुरक्षित और असहज महसूस करती ही हैं, मगर पुरुष भी इस बेचैनी में रहता है कि उसके घर की महिलाएं बाहर सुरक्षित नहीं हैं। मगर हां, मैं मानता हूं कि मुंबई देश के उन गिने-चुने शहरों में से है, जहां आप खुद को सिक्योर और सेफ फील कर सकते हैं। अब जैसे देश के अंदरूनी इलाकों में आप उस तरह से बिंदास होकर नहीं घूम सकते, मगर मुंबई एक ऐसा शहर है, जो सोता नहीं और महिलाएं देर रात भी कामकाज से लौटती हैं या कहीं बाहर से आती हैं, तो बेखौफ होकर।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in